जोधपुर, शनिवार, 23 अगस्त, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675 :: वर्ष 21 :: अंक 329

# हुक्मनामा समाचार

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

## संक्षिप्त खबरें

### आवारा कुत्तों की नसबंदी-टीकाकरण कर छोड़ें-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को कहा कि जिन कुत्तों को पकड़ा जाता है, उनकी नसबंदी और टीकाकरण कर जहां से उठाया है, वहीं वापिस छोड़ दिया जाए। हालांकि, रेबीज से संक्रमित और आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाए। कोर्ट ने आदेश दिया कि कुत्तों को पब्लिक प्लेस में खाना न दिया जाए और नगर निगम इसके लिए अलग जगह बनाए। कोर्ट ने कहा कि ये आदेश दिल्ली समेत पूरे देश में लागू होगा। साथ ही याचिका में शामिल व्यक्ति 25 हजार और एनजीओ 2 लाख रुपए कोर्ट में जमा कराएं।

### विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार वामपंथी उग्रवाद के मददगार -शाह

**कोच्चि।** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को केरल में कहा- विपक्षी गठबंधन के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने नक्सलियों की मदद की थी। उन्होंने ये बातें मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव में कही।गृह मंत्री ने कहा कि केरल नक्सलवाद और उग्रवाद का दर्द झेल चुका है। ऐसे में केरल की जनता जरूर देखेगी कि कांग्रेस पार्टी वामपंथियों के दबाव में आकर कैसे ऐसे प्रत्याशी को चुनती है, जिसने नक्सलवाद का समर्थन करने जैसा काम किया।

### गुजरात- अब 8वीं के छात्र ने क्लासमेट को चाकू मारा

**महीसागर।** गुजरात में अहमदाबाद के बाद अब महिसागर जिले में 8वीं के स्टूडेंट पर चाकू से हमला करने की घटना सामने आई है। घटना बालासिनोर कस्बे के सरकारी स्कूल की है। गुरुवार की शाम स्टूडेंट्स छुट्टी के बाद स्कूल से निकल रहे थे। इसी दौरान क्लासमेट ने साथी छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले में स्टूडेंट के कंधे, कमर और पेट में जख्म हो गए हैं। हालांकि, अस्पताल में भर्ती स्टूडेंट खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपी स्टूडेंट के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (1), 118 (1) (2), 352 के तहत शिकायत दर्ज की है।

### पूर्व सेना प्रमुख बोले-भारत और चीन के रिश्ते सुधर रहे

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने कहा कि भारत-चीन संबंधों में सुधार होना संयोग की बात है। उम्मीद है कि चीन भी हमारी सद्भावना का जवाब देगा। इसलिए संबंधों को बेहतर बनाने के लिए राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य स्तरों पर कई पहलों की घोषणा की गई है। पूर्व आर्मी चीफ गुरुवार शाम को दिल्ली में एक इवेंट में मौजूद थे। उन्होंने खुशी जताई कि भारत और चीन सीमा विवाद पर चर्चा को आगे बढ़ा रहे हैं। नरवणे ने कहा, यह एक सीमा है, सरहद नहीं, जो बातचीत के लिए खुली होती है और इसमें समझौता संभव है। दरअसल, भारत और चीन ने मंगलवार को स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंधों के लिए कई घोषणाएं की थीं।

### पटेला री पोल

**दिल्ली सी एम पर हमला हुआ, मिली सिक्योरिटी जेड**
**आठ माह में इनका कलर, पूरी तरह हो गया था फेड**
**हमला हुआ या नाटक था, यह किसी को नहीं पता**
**सिक्योरिटी से दूरी बढ़ेगी, तो जनता की क्या खता**

..मुखिया जी



# प्रदेश में भारी बारिश

# कोटा, सवाई माधोपुर समेत 5 जिलों में बाढ़ के हालात

## 5 जिलों के स्कूलों में छुट्टी, बाढ़ प्रभावित इलाकों में सेना तैनात

■ सवाई माधोपुर में रेलवे स्टेशन पर पटरियां पानी में डूबी







**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में तेज बारिश से कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, बारां में हालात बिगड़ गए। कोटा दीगोद में में बाढ़ प्रभावित इलाकों में सेना तैनात की गई है। सवाई माधोपुर में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। रेलवे स्टेशन पर पटरियां पानी में डूब गई। 5 ट्रेन प्रभावित हुई हैं। सूरवाल बांध में नाव डूब गई। इसमें 8 से 10 लोग सवार थे। कोटा के सुल्तानपुर में 4-4 फीट तक पानी भर गया। लोग पानी में तैरते नजर आए। बूंदी के कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया। बारिश के चलते बारां में शुक्रवार और शनिवार को स्कूलों में छुट्टी घोषित की है। सवाईमाधोपुर, झालावाड़, कोटा, बूंदी में भी शनिवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित की है। भीलवाड़ा के बिजौलिया में 24 घंटे में 166 एमएम बारिश होने से पंचानपुरा बांध ओवरफ्लो हो गया। एरू नदी उफान पर आ गई।

जयपुर में भी बारिश से सड़कों पर पानी भर गया है।

घरों में पानी घुसा, नेशनल हाईवे की पुलिया टूटी सवाई माधोपुर पुराने शहर के पल्ली पार इलाके में घरों में पानी घुस गया। करीब 250 घर जलमग्न हो गए। वहीं, नेशनल हाईवे-552 पर तेज बारिश के कारण पुलिया टूट गई। इससे ट्रैफिक पूरी तरह से बाधित हो गया है। इधर, कोटा में भारी बारिश से हालात बिगड़ गए। सड़कें दरिया बन गई। पानी में कई वाहन फंस गए। ट्रैक्टर से पुलिस की गाड़ी को पानी से निकाला गया। कोटा के सुल्तानपुर कस्बे में मेदपुरा और तलाई मोहल्ले में कई कच्चे मकान गिर गए। कोटा बैराज के शुक्रवार सुबह 5 बजे 3 गेट खोले गए।

## यूपी के उन्नाव में सैकड़ों घर बाढ़ में डूबे

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही। इससे सैकड़ों घरों में पानी घुस गया है। लोग घर की छतों या हाईवे पर तिरपाल लगाकर रहने को मजबूर हैं। वहीं, फर्रुखाबाद में गंगा नदी में फंसे युवक का 17 घंटे बाद रेस्क्यू किया जा सका। नेपाल में हो रही भारी बारिश का असर बिहार के सीमावर्ती इलाके की नदियों में दिख रहा है। पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा में बूढ़ी गंडक नदी में अचानक बाढ़ आने से एक ट्रैक्टर बह गया। ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं, मध्यप्रदेश के श्योपुर में दूध बेचने वाले दो युवक नाले में बह गए। इनमें से एक को ग्रामीणों ने बचा लिया जबकि दूसरा लापता है।



### पीएम ने बेगूसराय में 6 लेन ब्रिज का उद्घाटन किया

## घुसपैठियों को देश से निकालकर रहेंगे-मोदी



**गयाजी।** पीएम ने बेगूसराय में गंगा नदी पर बने 6 लेन औंटा-सिमरिया ब्रिज का उद्घाटन किया। नीतीश कुमार के साथ प्रधानमंत्री पुल पर घूमे। उन्होंने अपने गले से गमछा निकाला और हाथ से घुमाकर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। ब्रिज के नीचे बने घाट पर प्रधानमंत्री के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहे। पीएम को देखने के लिए लोगों की भीड़ भी घाटों पर नजर आई। प्रधानमंत्री करीब 37 मिनट तक ब्रिज पर रुके। इससे पहले गयाजी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13000 करोड़ की योजनाओं की शुरुआत की। मगध यूनिवर्सिटी के कैंपस में अपने 34 मिनट के भाषण में उन्होंने कांग्रेस और आरजेडी पर निशाना साधा। सरकार की उपलब्धियां गिनवाईं। आतंकवाद और घुसपैठ पर भी बात की।

पीएम ने कहा- हम घुसपैठियों को देश से निकालकर रहेंगे। इन्हें आपके हक पर डाका नहीं डालने देंगे। कांग्रेस-आरजेडी घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। पहले जेल में बैठकर लोग फाइलों पर साइन करते थे। हम ऐसा बिल लेकर आए हैं, जिसके दायरे में पीएम भी है। गिरफ्तारी होते ही पद जाएगा। पहले बिहार में शाम को कहीं आना-जाना मुश्किल था। गयाजी जैसे शहर लालटेन राज में अंधेरे में डूबे रहते थे।

### पीएम ने 5200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कोलकाता के दौरे पर हैं। पीएम ने यहां 5200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कुल 13.62 किलोमीटर लंबे तीन नए रूट का उद्घाटन किया। इसके अलावा पीएम ने 1200 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बनने वाले 6 लेन कोना एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी। यह एक्सप्रेसवे 7.2 किलोमीटर लंबा होगा। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई हैं। इसके बाद जनसभा में पीएम मोदी ने कहा- भारत सरकार ने घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया है।

### पर्यटन व कला एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक

## प्रदेश के ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों पर उच्चस्तरीय आधारभूत सुविधाएं हो विकसित-मुख्यमंत्री

■ धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास से स्थानीय स्तर पर बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

■ बजट घोषणाओं को कार्ययोजना बनाकर समय से करें पूरा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में स्थानीय व विदेशी पर्यटकों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी से हमारा राजस्थान देश में अग्रणी राज्य बन रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में आ रहे निरंतर बदलाव के अनुरूप प्रदेश में सैलानियों की संख्या में वृद्धि के लिए ऐतिहासिक, प्राकृतिक व धार्मिक स्थलों के विकास कार्यों की कार्ययोजना बनाएं। साथ ही, निरंतर समीक्षा करते हुए समयबद्ध रूप से इन कार्यों को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों के सुझावों को भी शामिल किया जाए। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में पर्यटन व कला एवं संस्कृति विभाग की बजट एवं अन्य महत्वपूर्ण घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजकीय संग्रहालयों के उन्नयन एवं संरक्षण, पैनोरमा निर्माण कार्य, बावड़ी जीर्णोद्धार सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के विकास के लिए बनाई जाने वाली डीपीआर में कार्य से संबंधित सभी जरूरी पहलुओं को शामिल करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने इन कार्यों की प्रगति के लिए हर तीन माह में निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

**ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट हो विकसित** शर्मा ने अधिकारियों को उदयपुर व जोधपुर में ट्रेवल मार्ट के आयोजन की रूपरेखा बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बेणेश्वर धाम, रामेश्वर घाट एवं बीगोद संगम को त्रिवेणी संगम के रूप में एवं प्रदेश में जनजातीय क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित करने के निर्देश दिए।

### प्रदेश में वॉटर एवं डेजर्ट एडवेंचर एक्टिविटीज को मिले बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के धार्मिक पर्यटन स्थलों पर आधारभूत संरचना के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर एवं घाटों का विकास कार्ययोजना के आधार पर करने के निर्देश दिए। साथ ही, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चिन्हित स्थानों पर विकास कार्यों की डीपीआर शीघ्र तैयार करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने बजट घोषणा 2025-26 में प्रदेश के प्रमुख हैरिटेज पर्यटन स्थलों पर किए जाने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा बनाने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

### पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने नाकामी स्वीकार की

## भारत ने मेहनत से फरारी कार जैसी इकोनॉमी बनाई-राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर के भारत चमकती मर्सिडीज वाले बयान पर जवाब दिया। राजनाथ ने कहा- मैं मुनीर के बयान को मजाक (ट्रोल) नहीं, बल्कि उनकी नाकामी स्वीकार करने वाला मानता हूं। इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में राजनाथ सिंह ने कहा,एक देश ने कड़ी मेहनत करके फरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई और दूसरा अब भी डंपर जैसी स्थिति में है तो यह उनकी नाकामी है। मैं आसिम मुनीर के बयान को एक कन्फेशन की तरह देखता हूं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था मलबे से भरे डंप ट्रक जैसी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर हम इस गंभीर चेतावनी के पीछे छिपे ऐतिहासिक संकेत पर ध्यान नहीं देंगे तो यह हमारे लिए चिंता का विषय बन सकता है। अगर हम इस पर ध्यान दें और इसके लिए तैयारी करें तो भारत ऐसी चेतावनियों का करारा जवाब देने में सक्षम है।

दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। मुनीर ने कहा था- अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा? राजनाथ सिंह बोले- मुनीर की मानसिकता लुटेरे वाली रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने जाने-अनजाने में उस लुटेरी मानसिकता की ओर इशारा किया है, जिसका पाकिस्तान जन्म से ही शिकार रहा है। हमें पाकिस्तानी सेना का यह भ्रम तोड़ना होगा।उन्होंने कहा- ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनके मन में ऐसा भ्रम पैदा ही नहीं होना चाहिए था।

लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत की समृद्धि, संस्कृति और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ हमारी रक्षा क्षमताएं मजबूत रहे। राष्ट्रीय सम्मान के लिए लड़ने का जज्बा भी जरूरी है। हमारी सभ्यता में, हमारे राष्ट्र में लड़ने का जज्बा जिंदा रहे। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने 17 अगस्त को आर्मी चीफ आसिम मुनीर की तरह भारत को चमकती मर्सिडीज बताया है।

### खरीफ-2025 में उर्वरक आपूर्ति की समीक्षा

## सभी जिलों में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता हो सुनिश्चित- मुख्यमंत्री



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि खरीफ 2025 के लिए प्रदेश के सभी जिलों में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाए ताकि किसानों को बिना किसी परेशानी के सुविधापूर्वक एवं समय पर उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में किसानों को उर्वरक की उपलब्धता की नियमित जानकारी दी जाए। शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में खरीफ 2025 में उर्वरक के आवंटन, आपूर्ति एवं वर्तमान उपलब्धता की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश में इस बार अच्छी बारिश हुई है जो कि अच्छी पैदावार के संकेत हैं। राज्य सरकार किसानों की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए उन्हें उच्च गुणवत्तायुक्त खाद, बीज एवं उर्वरक उपलब्ध करवा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिए जागरूक किया जाए एवं वर्मी कम्पोस्ट, ऑर्गेनिक खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

हुक्मनामा समाचार
hukmnama.jodhpur@gmail.com



# जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत दव में की रात्रि चौपाल, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**हुक्मनामा समाचार**

**जैसलमेर।** जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने गुरुवार रात्रि को ग्राम पंचायत दव में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं मौके पर उपस्थित संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का नियमानुसार उचित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि रात्रि चौपाल राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से प्रशासन आमजन के द्वार तक पहुंच रहा है एवं आमजन की समस्याएं सीधे बिना किसी मध्यस्थता के सीधी सुनी जा रही हैं। साथ ही, उन्होंने कहा कि रात्रि चौपाल न केवल आमजन से संवाद का माध्यम है, बल्कि यह प्रशासन की जवाबदेही एवं संवेदनशीलता को भी दर्शाता है। जिला कलक्टर ने चौपाल में आए ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी आवश्यकताओं एवं शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना। रात्रि चौपाल में जल आपूर्ति, बिजली, सड़क, पेंशन, खाद्य सुरक्षा, आवास, अवैध कब्जा, अतिक्रमण, रास्ता खुलवाने, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सहित अन्य ग्रामीणों से जुड़ी समस्याओं को जिला कलक्टर के समक्ष रखा गया। जिला कलक्टर ने प्रत्येक समस्या को ध्यान एवं धैर्य पूर्वक सुनते हुए सभी को आश्वासन दिया की आपकी समस्याओं का नियमानुसार समयबद्ध समाधान किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को त्वरित राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन का यह प्रयास है कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्रत्येक पात्र एवं पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों से भी सक्रिय भागीदारी की अपील की एवं विकास में सहयोग देने का आग्रह किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## जोधपुर-बिलाड़ा ट्रेन का इलेक्ट्रिक इंजन से संचालन शुरू

**हुक्मनामा समाचार**

**पीपाड़ शहर।** भारतीय रेलवे द्वारा यात्री सेवाओं में विस्तार के तहत जोधपुर-बिलाड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन का इलेक्ट्रिक इंजन से संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेन नंबर 54825/54826, जोधपुर-बिलाड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस का डीजल की जगह इलेक्ट्रिक इंजन से संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। त्रिपाठी ने जानकारी दी कि ट्रेन नंबर 54825, जोधपुर-बिलाड़ा एक्सप्रेस का जोधपुर से 22 अगस्त शुक्रवार से तथा ट्रेन नंबर 54826, बिलाड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस का बिलाड़ा से 23 अगस्त शनिवार से परंपरागत डीजल की जगह इलेक्ट्रिक इंजन से संचालन प्रारंभ किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर खिलाई कृमि नाशक दवा



**भोपालगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** शुक्रवार को शहर सहित उपखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय कमी मुक्ति दिवस पर कर्मी नाशक गोली विद्यार्थियों को खिलाई गई। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कृष्ण डूडी एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी मुकेश ढाका ने बताया कि राज्य सरकार एवं चिकित्सा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालय में 19 वर्ष तक के विद्यार्थियों को कर्मी नाशक दवा एवं गोली खलाई गई। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान रड़ौद मे छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क कृमि नाशक दवा खिलाई संस्था प्रधान सहदेव चौधरी ने बताया कि विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को निशुल्क कृमि नाशक दवाई खिलाई गई है। इस दौरान सीएचओ सुनील कुमार बिश्नोई, एएनएम दुर्गा बोहरा, रामचंद्र बडियार, ओमप्रकाश बडियार, आशा प्रेम जाट, सोनू सहित विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय का वार्षिक अधिवेशन कल

**सोजत ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा मारवाड़ जंक्शन का वार्षिक अधिवेशन व चुनाव होगे रविवार को शिक्षक संघ राष्ट्रीय के महामंत्री अमरचंद सामरिया ने संवाददाता को बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का वार्षिक अधिवेशन व कार्यकारणी के चुनाव 24 अगस्त ,रविवार को सरस्वती विधा मंदिर माध्यमिक विद्यालय एफसीआई गोदाम के पास मारवाड़ जंक्शन में रखे गए है। जिसमें वर्ष भर का संघ द्वारा किए गए कार्यों व क्रिया कलापों को प्रस्तुत किया जायेगा, साथ ही लोकतांत्रिक नीति से नई कार्यकारणी का गठन किया जायेगा। उप शाखा मारवाड़ जंक्शन के सभी शिक्षकों से निवेदन आप ज्यादा से ज्यादा संख्या बल के साथ वार्षिक अधिवेशन में अपनी उपस्थिति प्रदान करे और संघ को मजबूती प्रदान करे। वार्षिक अधिवेशन को सफल बनाने के लिए गोविंद नारायण सिंह जैतावत जिला सभाध्यक्ष, शेषाराम बारूपाल अध्यक्ष, अमरचंद सामरिया महामंत्री, हरिधर मालवीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनाराम सोलंकी सभाध्यक्ष, दशरथ सिंह जोजावर उपसभाध्यक्ष, लक्ष्मणसिंह आशिया उपसभाध्यक्ष, सुमेरसिंह कुंपावत पूर्व अध्यक्ष, कुलदीपसिंह कोषाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह भाटी, नरेंद्र सिंह चंपावत, शैलेंद्रसिंह आदि जुटे हुए हैं।

## नगरपरिषद प्रशासक पूजा चौधरी ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा



**हुक्मनामा समाचार**

**फलौदी।** नगरपरिषद फलौदी की प्रशासक एवं उपखण्ड अधिकारी पूजा चौधरी ने शुक्रवार 22 अगस्त की सुबह नगरपरिषद कार्यालय पहुंचकर शहर की सफाई व्यवस्था और घर-घर कचरा संग्रहण में लगी ऑटो ट्रिपर प्रणाली का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर एईएन सद्दाम हुसैन, जेईएन राजेश विश्नोई, सफाई प्रभारी इकबाल लोहार, लेखाकर दयाराम चौधरी, सफाई जमादार प्रमुख सुरेश थानवी सहित अन्य जमादार, ऑटो ट्रिपर चालक व हेल्पर उपस्थित रहे।

प्रशासक पूजा चौधरी ने उपस्थित अधिकारियों से सफाई व्यवस्था की पूरी जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य नियमित और समय पर किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी पर नहीं आ जाती, तब तक सभी अधिकारी और प्रभारी प्रतिदिन सफाई कार्य की गहन जांच करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं भी समय-समय पर निरीक्षण के लिए निकलेंगी, ताकि आमजन को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

चौधरी ने सफाई कर्मचारियों और ऑटो ट्रिपर चालकों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफाई कार्य को जिम्मेदारी और ईमानदारी से निभाएं, क्योंकि स्वच्छता सीधे तौर पर आमजन के स्वास्थ्य और शहर की छवि से जुड़ी हुई है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कहीं भी लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस निरीक्षण के बाद नगरपरिषद कर्मचारियों में सक्रियता का माहौल दिखाई दिया और प्रशासक चौधरी ने विश्वास जताया कि जल्द ही फलौदी शहर स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर परिणाम देगा।

## बैंग पाकर खिले बच्चों के खिले चेहरे

**सायला ( हुक्मनामा समाचार )।** उपखंड क्षेत्र के बावतर गांव में स्थिति राजकीय प्राथमिक विद्यालय भाटीयों का बैरा बावतरा गांव में भामाशाह रमेश कुमार रांगी पुत्र बाबूजी रांगी पोषाणा हाल सायला नें विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 1 से 5वी तक के समस्त छात्र-छात्राओं को विद्यालय बेग वितरण कियें। बैग पाकर सभी छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रेरक अध्यापक कृष्ण परमार ने भामाशाह का शाल और माला के साथ स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय एसएमसी कमेठी के अध्यक्ष शंकरजी पुरोहित, दीपसिंह भाटी, छैलसिंह भाटी, छोटूसिंह भाटी, मांगसिंह भाटी, आमसिंह, मगसिंह, जालम सिंह, कोजराजसिह, गजेन्द्र सिंह, रमेश कुमार,भरत कुमार एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## बाप में स्मार्ट मीटर का कार्य जोरों पर

**घंटियाली ( हुक्मनामा समाचार )।** केंद्र सरकार द्वारा बिजली तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई स्मार्ट मीटर योजना का बाप में विरोध के बीच कस्बे के सरकारी कार्यालयों में उक्त मीटर का कार्य तेजी से चल रहा है। डीआई सुभाषचंद्र बिश्नोई, एसडीआई दिनेश भादू मोटाई ने बताया कि बाप उपखंड क्षेत्र के राजकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य चालू कर दिया है। उन्होंने बताया कि बाप उपखंड उपखंड में 30 अगस्त तक समस्त राजकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगा दिया जाएगा।

## सीमावर्ती क्षेत्र में एक शिक्षक ने भर्ती 2023 में अनफिट और 2025 में दिव्यांग

### सही हालात में दिव्यांग बन पाई सर्विस की जांच की मांग

### री मेडिकल करवाने का निदेशक को भेजा ज्ञापन

**गडरा रोड ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान के पश्चिमी बाड़मेर जिले कै सीमावर्ती उप खंड रामसर के राजकिय उच्च प्राथमिक विद्यालय शगरानी में सही सलामत एक शिक्षक ने दिव्य दृष्टि विकलांग प्रमाण पत्र के जरिए बिना वरीयता सूची के एक युवक ने शिक्षक ने सर्विस पाई है जिसको लेकर 2023 अक्टूबर भर्ती प्रक्रिया में किए गए अभ्यर्थियों द्वारा कम अंकों के व्यक्ति को सर्विस मिलने पर नियमो के विरूद्ध लगे शिक्षक के आंखो की दिव्य दृष्टि का पुन: जांच करवा कर चिकित्सा विभाग के आधिकारी और वरीयता सूची से कम अंक प्राप्त करने वाले शिक्ष्क के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है ज्ञापन में बताया कि एक शिक्षक ने 2023 में बाड़मेर जिले कै चिकित्सा विभाग से मेडिकल जांच करवाई गई थी उसमे दिव्य दृष्टि सही पाई गई थी और उस प्रक्रियां से अनफिट पाया गया था वही 2025 में उस व्यक्ती ने जोधपुर से एक प्राइवेट हॉस्पिटल से सर्जरी का प्रमाणपत्र जारी करवा कर खुद को दिव्य दृष्टि से विंगलाग बता कर बाड़मेर जिले कै सीमावर्ती उप खंड रामसर के एक विधालय में सर्विस पा ली गई हे जिसकी जांच कर री मेडिकल करवाने के लिए सगरानी के ग्रामीणों ने निदेशक शिक्षा विभाग बीकानेर और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर कारवाई की मांग की है।

## राष्ट्द्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बालोतरा जिले में 1 से 19 वर्ष के बच्चों को दी गई एल्बेंडाजोल की गोली

**हुक्मनामा समाचार**

**बालोतरा।** स्वस्थ और सेहतमंद भविष्य की नींव रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को बालोतरा जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों, मदरसों, कॉलेजों और आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली नि:शुल्क दी गई। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को पेट के कृमि से होने वाली बीमारियों से बचाना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि पेट के कृमि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। ये कृमि कुपोषण, एनीमिया (खून की कमी), थकान, और पेट में दर्द जैसी समस्याओं का कारण बनते हैं। एल्बेंडाजॉल की गोली इन कृमि को खत्म करने में प्रभावी है, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होता है और वे पढ़ाई व खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि केवल एक दिन गोली देने से ही काम नहीं चलेगा, बल्कि हमें बच्चों के सेहतमंद भविष्य के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। इसमें बच्चों को साफ-सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी शामिल है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने



1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को यह गोली जरूर खिलाएं।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक रामावतार रावल ने बताया कि आज जिले के सभी विद्यालयों में 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली दी गई। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि अनुपस्थित विद्यार्थियों को 29 अगस्त तक एल्बेंडाजॉल की गोली अवश्य दिलाये। ताकि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सके।

## बोरुंदा में तेजा गायन कल

**हुक्मनामा समाचार**

**पीपाड़ शहर।** उपखंड क्षेत्र के बोरुंदा कस्बे के बस स्टैंड के बाहर जाट समाज भवन में रविवार 24 अगस्त को रात्रि में विशाल तेजा गायन का आयोजन होगा। वहीं दूसरे दिन वीर तेजाजी मंदिर में इण्डा कलश चढावा का आयोजन व प्रसादी का आयोजन भी होगा।

बोरुंदा जाट समाज के अध्यक्ष गोपाराम भंवरिया ने बताया कि रविवार रात्रि सवा 8 बजे से जाट समाज भवन में विशाल तेजा गायन का कार्यक्रम रखा गया है। इसको लेकर एक बैठक आयोजित कि गई जिसमें तेजा गायन कार्यक्रम को लेकर विभिन्न आवश्यक तैयारियां को लेकर चर्चा की गई। तेजा गायन कार्यक्रम में कालूराम लंगोड़, धुड़ाराम लंगोड़, सालगराम बांगड़ा, सहदेव बांगड़ा, भैरुसिंह बामणा, गिरधारी बांगड़ा, मोतीराम बढ़ियासर, प्रेम मंडा बाड़मेर व भरत बाड़मेर नृत्य कलाकार सहित एक दर्जन भर कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। इस तेजा गायन कार्यक्रम को लेकर जाट समाज परिसर को आकर्षक रंग रोगन व रोशनी से सजाने का कार्य शुरू किया गया। श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर में इण्डा चढ़ाने की बोली 24 अगस्त रात्रि में भजन संध्या के दौरान लगाई जाएगी। बोली व्यक्तिगत या समूह द्वारा भी बोली जा सकेगी। दूसरे दिन 25 अगस्त सोमवार को सुबह 9.15 बजे गाजों बाजों के साथ उच्च बोली दाता द्वारा इण्डा चढ़ाया जाएगा। इस दौरान प्रसादी का भी आयोजन होगा।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. सोनी मंगलवार को करेंगे रात्रि चौपाल

**बालोतरा ( हुक्मनामा समाचार )।** बायतु पंचायत समिति की ग्राम पंचायत माधासर में मंगलवार, 26 अगस्त को अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ' गुंजन सोनी रात्रि चौपाल करेंगे। निजी सहायक प्रियंका शर्मा ने बताया कि मंगलवार, 26 अगस्त को शाम 7 बजे अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. गुंजन सोनी की अध्यक्षता में बायतु पंचायत समिति की ग्राम पंचायत माधासर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को रात्रि चौपाल में निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

## अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भूमलिया का स्वागत

**हुक्मनामा समाचार**

**फलौदी।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सत्य नारायण भूमलिया, महामंत्री दुलीचंद के फलोदी प्रवास के दौरान डाक बंगला फलोदी में प्रदेश अध्यक्ष एवं उनकी टीम का गर्म जोसी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूमलिया ने हर सम्भव समाज एवं सफाई कर्मचारीयों की मदद करने का वादा किया तथा सफाई कर्मचारियों की मांग पत्र के निस्तारण के लिए आयुक्त से बात की ।



मांग पत्र में RGHS जारी करने,मृत आश्रित को नियुक्ति, पेंशन एवं कोर्ट प्रकरण का निस्तारण,पदोन्नति प्रकरण, सफाई कार्मिकों को निशुल्क भूखंड,रवि जावा का बकाया वेतन भुगतान तथा हर कार्मिक के लिए विशेष स्वस्थ बीमा 10लाख तक आदि मांग प्रेषित किया गया। स्वागत कार्यक्रम में श्रवण, बाबूजी, वल्लभ लखेश्री, कन्हैया लखन, मनु बारसा, प्यारेलाल, जितेंद्र लखेश्री, विनोद बारसा, राधेश्याम, श्रवण घुसर, मुकेश कंडारा, लक्ष्मण जावा, मुकेश, कमल, विकास सहित दर्जनों कर्मचारी एवं गण मान्य लोगों ने अभिनंदन किया।

## जेएनएमपी महाविद्यालय में बीबीए में ऑफलाईन प्रवेश प्रारंभ

**हुक्मनामा समाचार**

**फलौदी।** स्थानीय जयनारायण मोहनलाल पुरोहित राजकीय स्नाताकोत्तर महाविद्यालय फलोदी में बैचलर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रकिया प्रारंभ हो गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य शशांक दवे ने बताया की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की वर्ष 2024-25 की बजटीय घोषणा 'प्रत्येक जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय महाविद्यालयों में बीबीए पाठ्यकम प्रारंभ करने' के अनुरूप राजकीय महाविद्यालय फलोदी में भी सत्र 2025-26 से बीबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रकिया शुरू हो गई है। महाविद्यालय द्वारा संचालित बीबीए पाठ्यक्रम को एआईसीटीई से भी मान्यता प्राप्त हो गई है। प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय कार्यालय से आवेदन-पत्र प्राप्त कर सकते है। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 अगस्त है। प्रवेश संबंधी अन्य जानकारी के लिए महाविद्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## फलोदी पुलिस की गैंगवार पर बड़ी कार्रवाई

### मुख्य मददगार महीराम गिरफ्तार

**हुक्मनामा समाचार**

**फलोदी।** जिले में हाल ही में हुई गैंगवार, फायरिंग और जानलेवा हमले की घटना में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुख्य मददगार महीराम पुत्र बीरबलराम विश्नोई निवासी पड़ियाल, थाना भोजासर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर गैंगवार के मुख्य आरोपियों को स्कॉर्पियो गाड़ी, मोबाइल सिम व अन्य संसाधन उपलब्ध कराने का आरोप है।



जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया आईपीएस ने बताया कि 14 अगस्त की रात लोहावट थाना क्षेत्र के इंदोलाई नाड़ी में 007 गैंग व तूफानी गैंग ने मिलकर कुख्यात 0029 गैंग के सदस्यों पर फायरिंग की थी। इस घटना में अशोक पुत्र हरिराम खिलेरी निवासी हंशादेश गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुआ था। परिवादी दिनेश निवासी चन्द्रनगर लोहावट की रिपोर्ट पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

विशेष टीमों के गठन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने पहले 17 अगस्त को इलियास उर्फ इलिया तूफानी को गिरफ्तार किया। इसके बाद 19 अगस्त को उसे शरण देने और मदद करने के आरोप में सदाम खान, सलीम, कासम खान और अनिल कुमार को पकड़ा गया। आगे बढ़ते हुए 20 अगस्त को डीएसटी फलोदी ने महीराम को दस्तयाब कर पूछताछ की, जिसमें उसने 007 गैंग के सरगना राजू मांजू, महिपाल मगरा, हनुमान उर्फ लादेन आदि को स्कॉर्पियो गाड़ी, मोबाइल फोन व सिम कार्ड उपलब्ध कराने की बात कबूल की। इसी आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गैंगवार और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है। आमजन से अपील है कि अपराधियों को शरण या सहयोग न दें। अपराधियों को मदद करना भी अपराध की श्रेणी में आता है और ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस को सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इस कार्रवाई में एएसपी ब्रजराजसिंह चारण व सीओ संग्रामसिंह के सुपरविजन तथा डीएसटी फलोदी की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि गैंगवार से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश और गहन अनुसंधान जारी है।

# लोक देवता बाबा रामदेव का मेला आज से, जोधपुर में जातरूओं का सैलाब

## हर तरफ बाबा के भजनों की बयार





**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** लोक देवता बाबा रामदेव के प्राकट्य दिवस (भाद्रपद शुक्ल द्वितीया) 25 अगस्त से जैसलमेर जिले के रूणीचा और जोधपुर के मसूरिया में बाबा रामदेव के गुरु बालीनाथ समाधि मंदिर में 23 अगस्त से मेले आरंभ हो रहे हैं। शहर के लोगों ने बाबा के जातरूओं की सेवा में पलक पावड़े बिछा दिए है। चहुंओर बाबा के भजनों की बयार चल रही है तो खूब सेवाभाव से उनकी आवभगत के लिए रसोड़े चल रहे है। यहां मसूरिया में दर्शन लाभ लेने के बाद जातरू रामदेवरा के लिए कूच कर जाएंगे। लाखों की संख्या में अब तक जातरू दर्शन लाभ लेकर रामदेवरा निकल भी चुके हैं।

मसूरिया बाबा रामदेव मंदिर का संचालन करने वाले पीपा क्षत्रिय समस्त न्याति सभा ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्र चौहान ने बताया कि मसूरिया मेला अमावस्या पर 23 अगस्त को शुरू होकर बाबा की दशमी तक चलेगा। जिला कलक्टर मेले का विधिवत उद्घाटन करेंगे। प्राकट्य दिवस बीज पर बाबा रामदेव के गुरु बालीनाथ के समाधि मंदिर में सुबह 4.15 बजे शृंगार आरती की जाएगी। मेले की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए परचानाडी, निजमंदिर, प्रवेश द्वार सहित सम्पूर्ण परिसर में अलग-अलग जगहों पर कुल 56 क्लोज सर्किट टीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। परचानाडी को पूरी तरह खाली करने के बाद स्वच्छ जल से भर दिया गया है। मंदिर में आकर्षक रोशनी की गई है।

शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के पास बारहवीं रोड चौराहा, जलजोग चौराहा बाबा के मंदिर, चौपासनी रोड, आखलिया और बाइपास से लेकर रामदेवरा तक जगह जगह पर पैदल जातरूओं और वाहन में सवार जातरुओं के की भीड़ देखी जा सकती है। इन्हीं स्थानों पर भंडारों में खूब उनकी सेवाचाकरी की जा रही है। इन भंडारों में पांव की मालिश, दवाइयां, पीने के लिए जूस, भोजन, नाश्ता उपलब्ध है। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं, जिससे रात को सडक़ पर हादसे नहीं हों। बाबा रामदेव सेवा समिति गोपाल प्याऊ के प्रबंधक सचिव पेमाराम पवार ने बताया कि 27वां भंडारा निरंतर चल रहा है। यहां निशुल्क भोजन, चाय, नाश्ता, दवाइयां, नहाने धोने और रात्रि विश्राम की उत्तम व्यवस्था है। समिति अध्यक्ष घनश्याम पंवार, कोषाध्यक्ष अशोक पंवार सहित पूरी कार्यकारिणी सेवा में जुटी हुई है।

**कई पैदल संघों की होगी रवानगी**

जोधपुर से रामदेवरा जाने वाले विभिन्न समाज के पैदल यात्रा संघ भी तैयारियों में जुट गए है। अधिकांश पैदल संघ बाबा के अवतरण दिवस बीज से पहले अमावस्या के दिन जागरण के बाद रवाना होंगे। सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान का पैदल संघ 23 अगस्त को रामदेवरा प्रस्थान करेगा। अध्यक्ष घेवरसिंह कच्छवाह ने बताया कि दोपहर 2 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात्रि में जागरण के बाद संघ रवाना होगा। सिंधी कलाल समाज का पैदल संघ 23 अगस्त को किला रोड से रामदेवरा प्रस्थान करेगा। जीनगर समाज का पैदल संघ 25 अगस्त को जागरण के बाद 26 को अलसुबह प्रतापनगर रोड मंछाराम समाधि मार्ग से रामदेवरा प्रस्थान करेगा। बाबा रामदेव पैदल यात्रा एवं विकास समिति लालसागर मण्डोर जोधपुर का पैदल संघ 24 अगस्त को रामदेवरा प्रस्थान करेगा। समिति के वरिष्ठ संरक्षक गजेसिंह गहलोत एवं अध्यक्ष कल्याणसिंह परिहार ने बताया कि 23 अगस्त को जागरण के बाद संघ की रवानगी होगी।

## 40.06 ग्राम एमडी सहित महिला तस्कर गिरफ्तार

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** रातानाडा पुलिस ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 40.06 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद किया गया है। साथ ही एक स्कूटी भी जब्त की।



थानाधिकारी दिनेश लखावत ने बताया कि पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के निर्देशानुसार एरिया डोमिनेशन के तहत एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट व आबकारी अधिनियम में कार्रवाई करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने पांचबत्ती चौराहा से रातानाडा चौराहा की तरफ जाने वाली रोड पर स्थित एमबीएम विश्वविद्यालय गेट के पास एक महिला को टीवीएस ज्यूपीटर पर संदिग्ध हालत में बैठे देखा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता पाल लिंक रोड राजीव गांधी कॉलोनी निवासी सूरता पत्नी लुणाराम बताया। उसने यहां पर खड़े होने का संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस पर महिला पुलिसकर्मी ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास अवैध मादक पदार्थ 40.06 ग्राम एमडी बरामद हुई। इस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार किया गया। साथ ही मादक पदार्थ व परिवहन में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किया।

## रनवे पर रफ्तार में था प्लेन, टेकऑफ से पहले रोका

### एयर इंडिया की मुंबई-जोधपुर फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी, यात्रियों को सुरक्षित उतारा

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** मुंबई से जोधपुर के लिए शुक्रवार सुबह उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट में बड़ा हादसा टल गया। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई645 ने रनवे पर पूरी रफ्तार पकड़ ली थी, लेकिन अचानक कोई तकनीकी खराबी आ गई। इसके तुरंत बाद पायलटों ने विमान को रनवे पर ही रोक दिया।

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोधपुर के लिए फ्लाइट उड़ान भरने वाली थी। टर्मिनल-2 में कॉकपिट क्रू ने मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए सुरक्षा को ध्यान में रखकर उड़ान रोकने का निर्णय लिया। यात्रियों के लिए तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था की गई। यात्रियों के




अनुसार, विमान ने उड़ान भरने के लिए पूरी रफ्तार पकड़ ली थी और टेक-ऑफ रन के दौरान ही तकनीकी खराबी के संकेत मिले। इसके तुरंत बाद पायलटों ने विमान को रनवे पर ही रोक दिया। सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से विमान से उतारकर वापस गेट पर भेजा गया। घटना के समय विमान में किसी को चोट या किसी के हताहत की खबर नहीं है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने घटना के संबंध में कहा कि एक ऑपरेशनल समस्या के कारण फ्लाइट वापस बे में लौट गई। कॉकपिट क्रू ने मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए टेकऑफ रन को बंद करने का निर्णय लिया और विमान को वापस ले आया। प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया में यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा और भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी टीम सभी प्रभावित यात्रियों को तत्काल सहायता प्रदान कर रही है। एयरलाइन ने कहा कि तकनीकी समस्या की पूरी जांच की जाएगी।

## अस्पतालों में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ी

### ओपीडी में लगी भीड़, मरीजों में तीस फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** शह में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मौसम में बदलाव के चलते खांसी जुकाम, वायरल बुखार, अस्थमा, डेंगू, डायरिया के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है।

मथुरादास माथुर अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या में भी पिछले महीना के मुकाबले करीब 30 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। यहां करीब रोजाना एक हजार से ज्यादा मरीज आ रहे हैं जिनकी संख्या महीने भर पहले करीब 700 थी। अस्पताल के मेडिसिन वार्ड में लाइन में लगे रामचंद्र ने बताया कि वह पाली जिले के सोजत से दिखाने के लिए यहां आए हैं। उन्हें अस्थमा की समस्या है और वह करीब आधे पूर्ण घंटे से लाइन में अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। वहीं बालोतरा जिले से दिखाने आए जेठाराम ने बताया कि उन्हें मुंह में छालों की समस्या है। जिसके चलते वह यहां मेडिसिन विभाग में डॉक्टर को दिखाने आए हुए हैं और करीब कौन घंटे से लाइन में लगकर अपने नंबर का इंतजार कर रहे हैं। मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों ने बताया कि अभी जो बारिश हुई है उसके बाद मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। बारिश के बाद पिछले महीने से तुलना की जाए तो करीब 30 मरीजों की संख्या हुई है बड़ी बढ़ोतरी हुई है जिसमें चेस्ट इनफेक्शन, बुखार, अस्थमा के मरीज बढ़े हैं।

## दो गुटों में मारपीट व पथराव, वीडियो वायरल

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पावटा इलाके में आपसी विवाद के बाद दो गुट भिड़ गए। दोनों गुटों के बदमाशों ने एक दूसरे पर ईंट पत्थर और बेल्ट से हमला कर दिया। इस पूरी घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी आया है।



घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज में कुछ बदमाश झगड़ा करते हुए नजर आ रहे हैं। तभी दो बदमाश एक घर में घुस जाते हैं। इस पर दूसरे ग्रुप के लोग पीछे जाकर हमला कर देते हैं। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर उन्हें छुड़वाया। उसके बाद बदमाश आगे की गली में भागते हुए एक दूसरे पर हमला करते हुए नजर आए। घटना सामने आने के बाद पुलिस सभी बदमाशों की तलाश कर रही है। इधर इस घटना के चलते आस पास के मकानों में रहने वाले लोग दहशत में आ गए। बता दें कि जोधपुर में पूर्व में भी लेनदेन के विवाद के चलते दो गुटों के बीच फायरिंग का मामला भी सामने आ चुका है।

## हिन्दू सेवा मण्डल का सेवा शिविर आज से, बैनर का लोकार्पण

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** बाबा रामदेव मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए हिन्दू सेवा मण्डल जोधपुर द्वारा जोधपुर रेलवे स्टेशन के बाहर 72वां सेवा शिविर 23 अगस्त से तीन सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा जिसके बैनर का आज विमोचन किया गया।

हिन्दू सेवा मण्डल जोधपुर के महामंत्री विष्णुचन्द्र प्रजापत के अनुसार बैनर का विमोचन मण्डल प्रधान महेश कुमार जाजडा, सेवा शिविर संयोजक नरेश कुमार जाजडा, सह संयोजक भोजन राकेश गौड़, सह संयोजक कैंप हनवंत राज गाच्छा द्वारा घण्टाघर के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर मण्डल के उप प्रधान लख्मीचंद किसनानी,




प्रधानमंत्री विष्णुचन्द्र प्रजापत, कोषाध्यक्ष कैलाश जाजू, सुरेश पारीक, प्रेमराज खिवसरा, महेन्द्र सिंह तंवर, सुरेन्द्र सिंह सांखला, मदन सैन, दिनेश कुमार रामावत, गौरीशंकर गॉधी, गोविन्दसिंह राठौड, यतिन्द्र प्रजापत, महेश गहलोत सहीत कई लोग मोजूद थे।

## युगल जोड़ी मंदिर में अखंड महायज्ञ 25 को

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राईका बाग स्थित युगल जोड़ी बाबा रामदेव मंदिर में सेनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरि महाराज के सान्निध्य में 25 अगस्त से दस दिवसीय अखंड कीर्तन खड़ी सप्ताह समारोह समारोह शुरू होगा। शुरुआत सुबह 10.30 बजे पूर्व नरेश गजसिंह व हेमलता राजे द्वारा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण से होगी। सुबह 11 बजे अखंड महायज्ञ शुरू होगा।

यज्ञ में प्रतिदिन सवा लाख आहुतियां दी जाएगी। शाम को आरती, संध्या आरती, महाप्रसादी व रात्रि में भजनों का कार्यक्रम होगा। अखंड कीर्तन (खड़ी) सप्ताह 28 अगस्त से शुरू होगा, जिसमें सात दिनों तक लगातार खड़े रहकर बाबा की अरदास की जाएगी। 10 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की पूर्ण आहुति तीन सितंबर को होगी।

## करंट लगने से युवक की मौत

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के निकटवर्ती लूणी तहसील के भटिण्डा गांव में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। उसके चचेरे भाई की तरफ से पुलिस में मर्ग दर्ज करवाया गया है। लूणी पुलिस ने बताया कि भटिण्डा गांव निवासी 28 वर्षीय प्रभुदास पुत्र पूनमदास वैष्णव को करंट लगने पर परिजन अस्पताल लेकर आए थे। बाद में उसकी मौत हो गई। उसके चचेरे भाई बजरंगदास ने मर्ग में रिपोर्ट दी। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया।

## जीरा व बासनी कृषि उपज मंडी भी हड़ताल में शामिल

### करोड़ों का कारोबार प्रभावित

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राज्य सरकार की ओर से प्रदेश की मंडियों में लगाए गए यूजर चार्ज का व्यापारिक संगठनों ने अब पूरी तरह से विरोध शुरू कर दिया है। राजस्थान की मंडियों से जुड़े विभिन्न संगठनों ने तीन दिन तक सभी तरह की मंडियों में कारोबार बंद कर दिया है। इनमें आटा, दाल, तेल, मसाले, ड्राई फ्रूट्स, पशु आहार आदि के कारोबार से जुड़ी एसोसिएशन शामिल है। व्यापारियों ने सरकार को चेतावनी दी है कि जब तक यूजर चार्ज हटाया नहीं जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस फैसले के तहत पूरे राजस्थान की 247 मंडियां अगले रविवार तक बंद रहेगी। इसमें जोधपुर की जीरा मंडी व बासनी कृषि उपज मंडी भी शामिल हो गई है।

जीरा मंडी व्यापार संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम मूंदड़ा व बासनी कृषि उपज मंडी व्यापार संघ के अध्यक्ष प्रकाशचंद मेहता ने बताया कि यूजर चार्ज के विरोध में मंडी प्रांगण में रविवार तक व्यापार कार्य नहीं करेंगे। मण्डोर मंडी खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के सचिव धर्मेन्द्र भंडारी ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से खाद्य सामग्री पर लगाए गए यूजर



चार्ज के विरोध में मंडोर कृषि उपज मंडी अनिश्चितकालीन बंद है। मंडी में आज नौवें दिन भी व्यापार नहीं हुआ व मंडी पूरी तरह से बंद रही। खाद्य तेल व देसी घी व्यापार संस्थान के अध्यक्ष चंपालाल धारीवाल ने बताया कि एक तरफ प्रधानमंत्री खाने की वस्तुओं पर जीएसटी की दरें कम कर आम नागरिकों को राहत देने की घोषणा कर रहे है। जबकि प्रदेश सरकार नया टैक्स लगाकर आम जनता को महंगाई का तोहफ़ा दे रही हैं और व्यापारियों को परेशानी में डाल रही हैं। संस्थान उपाध्यक्ष कैलाश पुंगलिया ने बताया कि इस टैक्स से यदि अधिकांश कृषि जिन्स का व्यापार मंडी यार्ड से बाहर चला गया, तो सरकार का राजस्व प्राप्ति का आंकलन विफल हो जाएगा और प्रशासानिक ख़र्चे बढ़ जाएंगे।

## कैफे में अवैध हुक्का बार, केस दर्ज


**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के रातानाडा स्थित सुभाष चौक में एक कैफे में चल रहे हुक्काबार पर पुलिस ने रेड दी। इस बारे में संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर हुक्का सामग्री को जब्त किया गया। थानाधिकारी दिनेश लखावत सुभाष चौक में चल रहे द फ्लोरा कैफे पर पहुंचे। जहां पर अवैध रूप से हुक्का पिलाया जा रहा था। पुलिस ने वहां से हुक्का सामग्री को जब्त कर संचालक चाडी भोजासर निवासी स्वरूप सिंह पुत्र अमरसिंह के खिलाफ केस दर्ज किया।

## समाचार-सार

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 25 को जोधपुर आएंगे

#### आदर्श डिफेंस एंड स्पोर्ट्स एकेडमी भवन का करेंगे उद्घाटन

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 25 अगस्त को जोधपुर दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजनाथ सिंह सुबह 11.35 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। वे दोपहर 12 से 1.30 बजे तक आदर्श विद्या मंदिर लालसागर परिसर स्थित आदर्श डिफेंस एंड स्पोर्ट्स एकेडमी भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इसके उपरांत सिंह दोपहर 1.50 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा 1.55 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।



### केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री कल आएंगे



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी रविवार को जोधपुर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार हरदीप सिंह पुरी 24 अगस्त को सुबह 10.25 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा 11 बजे सडक़ मार्ग द्वारा पचपदरा बालोतरा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 25 अगस्त को रहेगा स्थानीय अवकाश

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जोधपुर जिले में जिला कलेक्टर द्वारा वर्ष 2025 के लिए घोषित दो स्थानीय अवकाशों में से द्वितीय अवकाश 25 अगस्त को रहेगा। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट गौरव अग्रवाल ने आदेश जारी कर बताया कि यह अवकाश बाबा रामदेव मसूरिया मेला (बाबा री बीज) के अवसर पर घोषित किया गया है। इस दिन जोधपुर जिले में सभी शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में स्थानीय अवकाश रहेगा।

### मंदिर में पथराव के तीन आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मण्डोर थाना पुलिस ने मण्डोर के प्राचीन चामुण्डा माता मंदिर में पथराव करने के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया। अन्य युवकों के संबंध में जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार गत 15 अगस्त को कुछ युवकों में विवाद हो गया था। इसके बाद एक पक्ष के युवकों ने मंदिर में पत्थर फेंके थे। जिससे श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त हो गया था।



मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं ने वीडियो बना लिए थे। चामुण्डा माता मंदिर सोसायटी के अध्यक्ष परविन्दर सिंह ने अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई थी। वीडियो के आधार पर पुलिस ने तलाश के बाद गुलिस्तां कॉलोनी निवासी साहिल, आखलिया सर्कल के पास निवासी मोहमद सुहैल व आखलिया में सिनेमा हॉल के सामने निवासी अकबर को गिरफ्तार किया।

स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066,
**सिटी कार्यालय :** मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। -**जयपुर कार्यालय :** जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

## सम्पादकीय...

### जीएसटी में अब दो स्लैब



लगता है केंद्र सरकार अब जान गई है कि जनता में वापस अपने पेठ बढ़ाने के लिए उसे ऐसे फैसले लेने होंगे जिससे आम जनता खुश हो देश में महंगाई कम हो बेरोजगारी कम हो उत्पादन बढ़े क्योंकि 11 साल में लगातार इन चीजों से आम जनता त्रस्त थी। केंद्र सरकार की सिफारिश पर जीएसटी दरों को तर्कसंगत और युक्ति संगत बनाने को लेकर मंत्री समूह की गुरुवार को हुई बैठक में कई बातों पर चर्चा हुई और दूसरे 5 और 18 प्रतिशत को ही लागू रखने का फैसला किया गया, मंत्रिमंडल समूह के फैसले के बाद अब जीएसटी काउंसलिंग की बैठक में इसके संदर्भ में अंतिम फैसला होगा। वर्तमान में 5, 12 18 ओर 28 प्रतिशत के चार स्लैप चल रहे हैं इससे जनता पर भारी भर पड़ रहा था जबकि सरकार के खजाने में लगातार पैसा आ रहा था। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार ने यह फैसला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दबाव में लिया है क्योंकि संघ की ओर से कहा जा चुका है कि केंद्र सरकार की सारी योजनाएं फेल हुई है आम जनता और गरीब हो गई है पैसे वाले पैसे वाले बनते जा रहे हैं। यदि काउंसिल ने 5प्रतिशत स्लैब वालों का स्लैब नहीं बदला तथा 12प्रतिशत स्लैब वाले को 5 और 18 में डाला तथा 28प्रतिशत वाले को 18 और 5प्रतिशत में लाने की कोशिश की तो आम आदमी को निश्चित तौर पर लाभ होगा। वर्तमान में अधिक जीएसटी के कारण कई औद्योगिक इकाई बीमार श्रेणी में चली गई थी क्योंकि वे एक नंबर में धंधा नहीं कर पा रहे थे चीन के उत्पादन उन पर भारी पड़ रही थी निर्यात कम हो गया था इसलिए अब बदलाव होने के बाद कई चीजे सुधर जाएगी। सरकार ने लगभग 8 वर्ष बाद जीएसटी के स्लैब में ऐसा परिवर्तन किया है, राज्य सरकारों राजनीतिक दलों का लगातार दबाव था आम जनता की मांग थी पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया अब जब ग्राउंड पर सरकार की स्थिति खराब हो रही है उसके सहयोगी दल और संगठन विरोध कर रहे हैं तो ऐसा कदम उठाए जा रहा है सरकार ने 8 वर्ष में अरबो खरबों रूपया जीएसटी से इकट्ठा किया और सरकारी योजनाएं और अन्य चीजों पर पानी की तरह पैसा खर्च किया।

**वैभव लोढ़ा...**

## इतिहास में आज

1947-वल्लभभाई पटेल भारत के उप प्रधानमंत्री बने।
2002-संयुक्त राज्य अमरीका ने मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण रोका,
2007-यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर-2007 में ऋग्वेद की 30 पांडुलिपियाँ शामिल की गईं।
1994-भारत की प्रसिद्ध महिला तैराक आरती साहा का निधन।

**-धर्म चंद मेहता**

## क्रॉस फायर

- **संसद का मानसून सत्र समाप्त।**
- **सरकार ने चैन की बंसी बजाई।**
- **जीएसटी काउंसिल के मंत्रियों के समूह की बैठक में फैसला, 12 और 28ब वाले स्लैब खत्म, 5 और 18 फ़ीसदी वाले स्लैब को मंजूरी।**
- **जितना जनता को लूटना था लूट लिया।**
- **ऑनलाइन गेमिंग बिल संसद में पारित।**
- **अब कमाई में सरकार को भी मजा आएगा।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा यदि अलग रहना है तो शादी ना करें।**
- **कम से कम कोर्ट में मुकदमें तो कम होंगे।**
- **प्रियंका गांधी ने जेपी नड्डा से की मुलाकात, स्वास्थ्य सेवाओं पर की चर्चा।**
- **बीजेपी का स्वास्थ्य भी पूछा होगा।**
- **वोटर अधिकार यात्रा में सिपाही के पैर पर तेजस्वी की गाड़ी चढ़ी।**
- **बीजेपी वालों को मौका मिल गया बैठे-बैठे।**
- **दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा।**
- **लगता है हमला इसीलिए हुआ था।**
- **राज्यपालों की निष्क्रियता पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा तो क्या अदालत भी कुछ ना करें।**
- **राज्यपाल निष्क्रिय नहीं रहते उन्हें केंद्र सरकार कर देती है।**

**..............अंजू लोढ़ा**


## आज का राशिफल

### शनिवार 23 अगस्त 2025


**मेष राशि:** आज धार्मिक कार्य सम्पन्न होगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। राजकाज में संघर्ष होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। दिन अच्छा रहेगा। मन प्रसन्न होगा।




**वृषभ राशि:** दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी।




**मिथुन राशि:** परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी। अधिकारी से विवाद हो सकता है। धन में कठिनाई आयेगी।




**कर्क राशि:** शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी। मानसिक तनाव अधिक होगा।




**सिंह राशि:** कुटुम्बजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। पराक्रम में वृद्धि होगी।




**कन्या राशि:** धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी।




**तुला राशि:** धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक होगा।




**वृश्चिक राशि:** कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा।




**धनु राशि:** व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार होगा। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा। धन का लाभ मिलेगा। परिवारिक समस्याएं रहेंगी।




**मकर राशि:** गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में कष्ट रहेगा। दैनिक कार्य में बाधाएं आयेंगी।



**कुम्भ राशि:** व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा। यात्रा में कष्ट रहेगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी।



**मीन राशि:** धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा।





**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस आज

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस- एक राष्ट्र की आकांक्षाओं का उत्स, चंद्रयान-3-असफलता से सफलता की सीढ़ी तक



**प्रो. आरके जैन**

23 अगस्त का सूरज जब उगा, तो वह सिर्फ़ एक दिन को नहीं, बल्कि एक युग को रोशन कर गया। यह तारीख अब केवल कागज़ पर नहीं, बल्कि हर भारतीय के हृदय पर अंकित हो चुकी है। चंद्रयान-3 की लैंडिंग ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर न केवल भारत का झंडा गाड़ा, बल्कि मानवता की आकांक्षाओं को एक नया आकाश दिया। यह क्षण वह नहीं था जब मशीनें चाँद की मिट्टी पर उतरीं; यह वह पल था जब एक राष्ट्र ने अपनी आत्मा को तारों के पार भेजा।

यह दिन, राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस, विज्ञान की जीत से कहीं बढ़कर है—यह सपनों का उत्सव है, जो असफलताओं की राख से फीनिक्स की तरह उभरे। जब चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की अनछुई सतह को स्पर्श किया, तो उसने न केवल वैज्ञानिक इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षर अंकित किए, बल्कि एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्रांति का सूत्रपात किया। चंद्रयान-2 की असफलता को विश्व ने पराजय माना, पर भारत ने उसे एक प्रेरणा बनाया। इसरो के वैज्ञानिकों ने उस ठोकर को सीढ़ी में ढाला, और सिद्ध कर दिखाया कि असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का संदेश है। यह भारतीय दर्शन की वह शक्ति है, जो टूटे को जोड़ती है और असंभव को संभव बनाती है। 23 अगस्त 2023 को, जब विक्रम लैंडर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखा, तो वह केवल एक मिशन की जीत नहीं थी—यह एक प्राचीन सभ्यता की उस अटल मान्यता की विजय थी, जो कहती है कि असंभव महज एक शब्द है, और सपने सितारों तक ले जाते हैं। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का असली महत्व इसकी वैज्ञानिक उपलब्धि में नहीं, बल्कि इसके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव में है। जब एक ग्रामीण स्कूल का बच्चा रात को तारों की ओर देखता है और यह सोचता है कि उसका देश उन तारों तक पहुँच चुका है, तो उसके मन में एक नया विश्वास जन्म लेता है।

यह विश्वास केवल अंतरिक्ष तक सीमित नहीं है; यह उसे जीवन की हर चुनौती को पार करने की प्रेरणा देता है। इसरो की यह उपलब्धि सिर्फ़ डेटा और तकनीक की बात नहीं करती; यह हर उस व्यक्ति की कहानी कहती है जो अपने छोटे से गाँव में बड़े सपने देखता है। चंद्रयान-3 की लागत को देखें तो यह आश्चर्यजनक है। नासा के मिशनों के सामने भारत का यह मिशन एक छोटे से बजट में रचा गया चमत्कार था। इसरो ने लगभग 615 करोड़ रुपये (लगभग 74 मिलियन डॉलर) में यह मिशन पूरा किया, जो कि हॉलीवुड की एक औसत ब्लॉकबस्टर फिल्म के बजट से भी कम है। फिर भी, इस मिशन ने न केवल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की अनछुई मिट्टी पर कदम रखा, बल्कि भारत को उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल किया, जिन्होंने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। यह सिद्ध करता है कि भारत की ताकत उसके संसाधनों में नहीं, बल्कि उसके संकल्प में है। यह वही देश है जो मंगल पर भी कम बजट में मंगलयान भेज चुका है, जिसकी लागत (450 करोड़ रुपये) भी कई देशों के अंतरिक्ष मिशनों की तुलना में नगण्य थी। 23 अगस्त का उत्सव केवल वैज्ञानिकों का नहीं है। यह उन गुमनाम नायकों का भी उत्सव है जो पर्दे के पीछे काम करते हैं। वे इंजीनियर, जो रात-रात भर डेटा विश्लेषण करते हैं। वे तकनीशियन, जो एक-एक तार को जोड़ते हैं। और वे परिवार, जो अपने प्रियजनों की अनुपस्थिति को सहते हैं ताकि देश का नाम आकाश में चमके। जब इसरो के नियंत्रण कक्ष में तालियों की गूंज उठी, तो वह सिर्फ़ एक लैंडर की सफलता की गूंज नहीं थी; वह उन अनगिनत बलिदानों की आवाज़ थी जो इस मिशन को साकार करने में लगे।

चंद्रयान-3 की लैंडिंग का वैज्ञानिक महत्व भी कम नहीं है। दक्षिणी ध्रुव पर पानी की बर्फ की खोज ने न केवल अंतरिक्ष अनुसंधान को नई दिशा दी, बल्कि मानवता के भविष्य के लिए एक नई संभावना खोली। इसरो के प्रज्ञान रोवर ने चंद्र सतह पर सल्फर और ऑक्सीजन जैसे तत्वों की उपस्थिति की पुष्टि की, जो भविष्य में चंद्रमा पर मानव बस्तियाँ स्थापित करने की दिशा में एक कदम है। यह खोज केवल वैज्ञानिक डेटा नहीं है; यह एक संदेश है कि अंतरिक्ष अब केवल दूर की कौतूहल भरी दुनिया नहीं, बल्कि मानव सभ्यता का अगला पड़ाव हो सकता है। यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल तकनीक का प्रदर्शन नहीं है; यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का विस्तार है। जिस सभ्यता ने वेदों में तारों की गणना की, जिसने आर्यभट्ट के ज़रिए खगोलशास्त्र को नई ऊँचाइयाँ दीं, उसी सभ्यता ने आज चंद्रमा पर अपनी छाप छोड़ी है। यह संयोग नहीं है कि चंद्रयान-3 का लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' कहलाया। ये नाम हमारी प्राचीन बुद्धिमत्ता और आधुनिक महत्वाकांक्षा का संगम हैं। 23 अगस्त हमें यह भी सिखाता है कि अंतरिक्ष की खोज केवल प्रतिस्पर्धा का मैदान नहीं है। जहाँ अमेरिका और सोवियत संघ ने शीत युद्ध के दौरान अंतरिक्ष को अपनी शक्ति का प्रतीक बनाया, भारत ने इसे मानवता की साझा विरासत के रूप में देखा। चंद्रयान-3 का मिशन केवल भारत के लिए नहीं, बल्कि उन सभी देशों के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों में बड़े सपने देखते हैं। यह मिशन वैश्विक सहयोग का निमंत्रण है, न कि प्रतिद्वंद्विता का। इस दिन का उत्सव केवल अतीत की उपलब्धि का जश्न नहीं है; यह भविष्य के लिए एक सवाल भी है। हमारा अगला कदम क्या होगा? क्या हम मंगल पर जीवन की खोज करेंगे? क्या हम सौरमंडल से बाहर की सैर करेंगे? या फिर, क्या हम अंतरिक्ष की खोज को धरती के संकटों—जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट, भूख—का हल बनाएँगे? नेशनल स्पेस डे हमें यही चुनौती देता है—सपने देखने की, और उन सपनों को हकीकत में बदलने की। 23 अगस्त हमें यह सिखाता है कि सीमाएँ केवल मन की बेड़ियाँ हैं। जब एक राष्ट्र अपनी कल्पनाओं को ब्रह्मांड की असीम ऊँचाइयों तक उड़ान देता है, तो वह न केवल चंद्रमा पर अपने कदमों की छाप छोड़ता है, बल्कि अपनी नियति को तारों की स्याही से नवीन रंग देता है।

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस विशेष आलेख -आर्यभट्ट से गगनयान: प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाएँ



**सुनील कुमार महला**

23 अगस्त को दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस-2025 विशेष रूप से चर्चा में है, क्योंकि यह चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की दूसरी वर्षगांठ है। पाठकों को बताता चलूं कि इस दिन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त के दिन 2023 में इसरो की चंद्रयान-3 लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग की याद में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया था ।

इसका मुख्य उद्देश्य चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को याद करना और युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। गौरतलब है कि पहली बार राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन 23 अगस्त 2024 को किया गया, जिसका विषय/थीम- **'चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना- भारत की अंतरिक्ष गाथा'** रखा गया था, तथा इस बार दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस(वर्ष 2025) की थीम **'आर्यभट्ट से गगनयान- प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाएँ'**, रखी गई है,जो भारत की खगोलशास्त्रीय विरासत से लेकर आगामी मानव अंतरिक्ष उड़ान (गगनयान) तक की यात्रा को दर्शाता है। पाठक जानते होंगे कि 23 अगस्त 2023 को इसरो के चंद्रयान-3 मिशन ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव के पास सफल सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसमें विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर की तैनाती शामिल थी, जिससे भारत यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बना। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इसके अवतरण स्थल को शिव शक्ति बिंदु नाम दिया गया था। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत ने जिस ऊँचाई को छुआ है, उसका श्रेय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को जाता है। अपने स्थापना काल से ही इसरो की उपलब्धियां बहुत ही शानदार रहीं हैं।1969-1980 तक इसरो का आरंभिक दौर था,जब 1969 में डॉ. विक्रम साराभाई के नेतृत्व में इसरो की स्थापना की गई थी। इसके बाद वर्ष 1975 में भारत ने अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट अंतरिक्ष में भेजा तथा साल 1980 में रोहिणी उपग्रह को स्वदेशी प्रक्षेपण यान (एसएलवी-3) से प्रक्षेपित किया गया। कहना ग़लत नहीं होगा कि इसरो ने दूरसंचार और मौसम उपग्रह में शानदार प्रगति की है।

इनसैट और आईआरएस श्रृंखला के उपग्रहों ने भारत को संचार, प्रसारण, मौसम पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाया है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारत ने पहली बार चंद्रमा पर चंद्रयान-1(वर्ष 2008) मिशन भेजा और वहां जल-बर्फ की उपस्थिति का प्रमाण विश्व को दिया।भारत ने अपनी पहली ही कोशिश में मंगल की कक्षा में(मंगलयान एम ओ एम-2013) पहुँचकर इतिहास रचा। यह उपलब्धि पाने वाला भारत एशिया का पहला और विश्व का चौथा देश बना। इतना ही नहीं साल 2017 के दौरान पीएसएलवी-सी37 से एक साथ 104 उपग्रह प्रक्षेपित कर इसरो ने विश्व रिकॉर्ड बनाया।इसके बाद चंद्रयान-2 (साल 2019) का प्रक्षेपण किया गया। यद्यपि लैंडर सफलतापूर्वक उतर नहीं सका, परंतु ऑर्बिटर आज भी चंद्रमा की कक्षा से महत्वपूर्ण आंकड़े भेज रहा है। चंद्रयान-3 (साल 2023) के बारे में तो पाठक जानते होंगे कि दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग कर भारत ने वैश्विक अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अपना नाम दर्ज कराया। आधुनिक मिशनों की यदि हम यहां पर बात करें तो आदित्य-एल1 (2023-24) सूर्य का अध्ययन करने वाला भारत का पहला मिशन है। इतना ही नहीं, भारत का पहला मानव अंतरिक्ष अभियान,भी आने वाले वर्षों में लॉन्च होने की संभावना है। गौरतलब है कि वर्तमान में निसार उपग्रह (अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के साथ) पृथ्वी के पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन का अध्ययन कर रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि 30 जुलाई 2025 को, इसरो ने नासा के साथ मिलकर विकसित निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) उपग्रह को जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट से कक्षा में स्थापित किया था। यह पृथ्वी की सतह पर होने वाले छोटे बदलावों को सेमी-स्तर की सटीकता से मापने की क्षमता रखता है—जैसे ग्लेशियर का पिघलना, भूकंपीय हलचल, आदि। यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक सहयोग और पर्यावरण-अवलोकन उपलब्धि है। इतना ही नहीं संयुक्त राज्य, रूस और चीन के बाद भारत स्पेस डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला विश्व का चौथा देश बन गया।

इसरो ने क्रायोजेनिक इंजन और तकनीकी परीक्षणों में भी अभूतपूर्व प्रगति की है। आदित्य-एल1 मिशन के साथ अंतरिक्ष में भेजे गए सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) ने सूर्य की तस्वीरों और फ्लेयर्स की एनयूवी क्षेत्र में लगातार एक वर्ष तक सफल अवलोकन किया। यह उपकरण हमारे सौर वातावरण की समझ को और मजबूत करता है। इसरो ने जीएसएलवी-एफ15 से अपना 100वाँ रॉकेट लॉन्च करते हुए एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट को कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया, जिससे NavIC नेटवर्क और मजबूत हुआ। यह इसरो का लोकल और विदेशी लॉन्च दोनों के लिए महत्वपूर्ण मोड़ था। इतना ही नहीं इसरो वर्तमान में मानवोन्मुख मिशन (गगनयान मिशन) पर लगातार काम कर रहा है।इसरो अगली पीढ़ी के ऐसे रॉकेट विकसित कर रहा है जो लगभग 40-मंज़िला इमारत जितने ऊँचे (120एम+) होंगे और 75 टन वजन का पेलोड भेज सकेंगे—यह भारी उपयोगों जैसे स्पेस स्टेशन मॉड्यूल्स की तैनाती हेतु जरूरी है।इसरो चंद्र और शुक्र मिशन के अलावा भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भी काम कर रहा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत की अपनी अंतरिक्ष स्टेशन की परियोजना जिसमें लगभग 20 टन भार का स्टेशन 400 किमी कक्षा में बनाया जाएगा, जहां पर 15-20 दिनों के लिए चालक दल रह सकेगा। यह 2028-2035 के बीच परिकल्पित है।चिप विकास और सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता पर भी इसरो लगातार काम कर रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि आइआइटी मद्रास और इसरो के सहयोग से विकसित आईआरआईएस नामक चाकती(CHAKTI) सीरीज का RISC-V आधारित माइक्रोप्रोसेसर चिप, जो विशेष रूप से अंतरिक्ष मिशनों के लिए फाल्ट टोरेंट मेमोरी, वाचडोग टाईमर्स आदि के साथ तैयार किया गया है। यह सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अंत में यही कहूंगा कि आज हमारा इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में सफलता के झंडे गाड़ रहा है और राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय वैज्ञानिकों के अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। इसरो की उपलब्धियों ने भारत को अंतरिक्ष जगत में विश्व में सिरमौर तथा एक बड़ी महाशक्ति बना दिया है। आज अंतरिक्ष केवल शोध का क्षेत्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव और आत्मनिर्भर भारत की पहचान बन चुका है।दो पंक्तियां समर्पित हैं -'जिस धरती की मिट्टी में,सपनों की उड़ान बसी है,उस भारत मां के बेटों ने चाँद-सूरज तक राह रची है। पसीने से सींची मेहनत, ज्ञान से गढ़ा विज्ञान, हर सफलता पर गर्व करे पूरा हिन्दुस्तान।' जय-जय।

# संसद का मानसून सत्र 204 करोड़ की बरबादी के साथ लोकतंत्र का तमाशा बना



**बाल मुकुन्द ओझा**

संसद का 21 जुलाई से शुरू हुआ मानसून सत्र बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) के मुद्दे पर विपक्ष के जोरदार हंगामे और विरोध प्रदर्शनों की भेंट चढ़ गया। लोकसभा और राज्यसभा दोनों ही सदनों में कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ और अधिकांश बहुमूल्य संसदीय समय नारेबाजी और व्यवधान के कारण नष्ट हो गया। बताया जाता है भारी हंगामे के फलस्वरूप 204 करोड़ रूपये की राशि बर्बाद हुई। इस दौरान संसद में नारेबाजी, बिल फाड़कर फेंकने और तख्तियां लहराने जैसी अशोभनीय घटनाएं भी देखने को मिलीं। लोकसभा स्पीकर ने बताया कि पूरे सत्र में 14 विधेयक पेश किए गए और 12 विधेयक पारित हुए। हालांकि, संविधान में 130वें संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया।

इन सबके बीच, 28-29 जुलाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर एक विशेष चर्चा हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन को संबोधित किया। इसके अलावा, 18 अगस्त को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर भी एक विशेष चर्चा की गई। संसद सत्रों की कार्यवाही पर एक नज़र डालें तो लगेगा संसद में काम कम और हंगामा ज्यादा होता है। जनता के खून पसीने की कमाई हंगामे की भेंट चढ़ जाती है जो किसी भी स्थिति में लोकतंत्र के लिए हितकारी नहीं है। संसद के पिछले कुछ सत्रों में ऐसा ही कुछ हो रहा है। संसदीय लोकतंत्र में संसद ही सर्वोच्च है। हमारे माननीय संसद सदस्य इस सर्वोच्चता का अहसास कराने का कोई मौका भी नहीं चूकते, पर खुद इस सर्वोच्चता से जुड़ी जिम्मेदारी-जवाबदेही का अहसास करने को तैयार नहीं। बेशक विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की ऐसी तस्वीर बेहद निराशाजनक ही नहीं, चिंताजनक भी है। संसद ठप रहने की बढ़ती प्रवृत्ति भी कम खतरनाक नहीं है। संसद सत्र अपने कामकाज के बजाय हंगामे के लिए ही समाचार माध्यमों में सुर्खियां बनता जा रहा है। अगर हम संसद की घटती बैठकों के मद्देनजर देखें तो सत्र के दौरान बढ़ता हंगामा और बाधित कार्यवाही हमारे माननीय सांसदों और उनके राजनीतिक दलों के नेतृत्व की लोकतंत्र में आस्था पर ही सवालिया निशान लगा देती है। संसद की देखा देखी अब राज्यों की विधान सभाओं में भी कामकाज के स्थान पर हंगामा ही देखने को मिल रहा है। विधानसभाएं शोर शराबे और हंगामे की केंद्र बिंदु बन गई है। किसी न किसी बहाने हंगामा करना स्वस्थ बहस से ज्यादा जरुरी हो गया है। विरोध का भी एक तरीका होता है। हंगामे का मतलब किसी मसले पर सरकार से जवाब मांगना या किसी मसले पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि ऐसे हालात पैदा करना होता है जिससे वहां कोई काम ही न हो सके।

इसके भरे-पूरे आसार हैं कि अगर सियासी पार्टी हंगामा करने लायक कोई मसले नहीं खोज पाई तो उसे ऐसे मसले उपलब्ध करा दिए जाएंगे। मगर अब हर छोटी मोटी बात पर हंगामा मामूली बात रह गया है। ऐसा लगता है जैसे हमारी स्वस्थ परम्पराएं अब लुप्त सी हो गई है। संसद हो या विधान सभा उनके अध्यक्ष के लिए सुचारु सञ्चालन भारी मुसीबत बनकर रह गया है। कोई भी नियम कानून मानने को तैयार नहीं है। अमर्यादित व्यवहार, शोरगुल और अध्यक्षीय आसन के प्रति घोर अवमानना की घटनाएं बहुधा होती हैं। जनता चाहती है कि संसद चले।

पूरे समय चले। विचार विमर्श हो, जनहित के मुद्दे उठे और दलों में परस्पर सद्भाव हो। गौरतलब है 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पक्ष और विपक्ष में जो कटुता देखने को मिल रही है वह लोकतंत्र के हित में नहीं कही जा सकती। इससे हमारी लोकतान्त्रिक प्रणाली का ह्रास हुआ है।

आज सत्ता और विपक्ष के आपसी सम्बन्ध इतने खराब हो गए है की आपसी बात तो दूर एक दूसरे को फूटी आँख भी नहीं सुहाते। दुआ सलाम और अभिवादन भी नहीं करते।

# विकराल होते आनलाइन गेम पर नियंत्रण का कानून सराहनीय



**ललित गर्ग**

इंटरनेट के विस्तार ने आधुनिक दौर में जीवन को अनेक सुविधाएं दी हैं, लेकिन इसके साथ ही कुछ नए गंभीर संकट भी पैदा किए हैं। इनमें सबसे गंभीर संकटों में से एक है ऑनलाइन गेमिंग या कहें तो मनी गेमिंग की बढ़ती लत।

यह सच है कि गेमिंग मनोरंजन का साधन हो सकती है, पर जब इसमें धन का जुड़ाव होता है, तब यह सीधा-सीधा जुए एवं सट्टे के रूप में बदल जाती है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग यदि लत बन जाए तो यह संपन्न व्यक्ति एवं परिवार को भी कंगाल कर सकती है। एक आंकड़े के अनुसार देश में एक साल में 45 करोड़ लोगों ने बीस हजार करोड़ गवां दिये हैं। सब कुछ गंवा कर आत्महत्या करने के मामले भी प्रकाश में आते रहे हैं। सवाल इन लालच बेचने एवं जगाने वाली मनी गेमिंग की पारदर्शिता को लेकर भी उठते रहे हैं। इन्हीं चिंताओं एवं त्रासद विडम्बनाओं के बाद ऑनलाइन गेमिंग पर नियंत्रण का एक विधेयक भारत सरकार इसी मानसून सत्र में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 लेकर आई है।

जिसे अब गंभीर चर्चा के बिना संसद ने पारित भी कर दिया है। यह विधेयक पैसे से खेले जाने वाले किसी भी ऑनलाइन गेम को गैरकानूनी घोषित करता है। यह स्वागत योग्य कदम है, क्योंकि गेमिंग के नाम पर अरबों रुपए का लेन-देन और करोड़ों युवाओं की मानसिक शांति को नष्ट करने वाली प्रवृत्ति दिनोंदिन विकराल रूप ले रही है। आज स्थिति यह है कि ऑनलाइन गेमिंग की लत केवल समय और धन की बर्बादी ही नहीं कर रही, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों में भी तनाव और विघटन का कारण बन रही है। स्कूल और कॉलेज के छात्र अपनी पढ़ाई की उपेक्षा कर इस आभासी दुनिया में डूबते जा रहे हैं। युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा रात-दिन गेमिंग में डूबा रहता है, जिससे उनके व्यक्तित्व और भविष्य पर गहरा नकारात्मक असर पड़ रहा है। यह संकट केवल आर्थिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। दिन-रात स्क्रीन से चिपके रहने वाले युवक चिड़चिड़ापन, अवसाद और एकाकीपन का शिकार हो रहे हैं। उनमें हिंसक प्रवृत्तियां भी उभर रही हैं। कई ऐसी खबरें भी आ चुकी है, जिनमें लगातार आनलाइन गेम खेलते रहने से मना करने पर कोई किशोर हिंसक हो गया और उसने या तो आत्महत्या कर ली या फिर किसी की जान ले ली। ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी लत रिश्तों को तोड़ रही है, दोस्ती और पारिवारिक बंधनों को कमजोर कर रही है। एक पूरी पीढ़ी, जिसे राष्ट्रनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए था, अपनी ऊर्जा और रचनात्मकता इस आभासी जुए में गँवा रही है। सरकार के मुताबिक, वह ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने के लिये अवश्य उत्सुक है, जिसमें कोई वित्तीय जोखिम न हो। यहां उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन गेमिंग का वार्षिक राजस्व 31,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

साथ ही यह हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के रूप में बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। लेकिन इसके साथ चिंता का विषय यह भी है कि सुनहरे सब्जबाग दिखाने वाले कई ऑनलाइन गेमिंग एप लत, खेलने वाले आम लोगों के आर्थिक नुकसान और मनी लॉन्ड्रिंग को भी बढ़ावा देते हैं। यही वजह है कि ऑनलाइन गेमिंग में अपनी जमा पूंजी लुटाने वाले बदकिस्मत उपयोगकर्ता नाकामी के बाद आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाते हैं। निस्संदेह सरकार ने राजस्व की परवाह न करते हुए ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर एक बड़ा जोखिम भी उठाया है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या केवल कानून से इस प्रवृत्ति पर अंकुश लग सकेगा? इंटरनेट का विस्तृत दायरा और विदेशी ऑनलाइन ऑपरेटर विधेयक के प्रमुख उद्देश्यों को विफल करने की कोशिश कर सकते हैं।

यह नितांत अपेक्षित है कि वित्तीय प्रणालियों की अखंडता के साथ-साथ राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा होनी चाहिए। माना जा रहा है कि इस नये कानून को बनाने की जरूरत संभवत: छह हजार करोड़ रुपये वाले महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले के बाद महसूस की गई। जिसकी जांच सीबीआई और ईडी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों पर सट्टेबाजी एप के यूएई स्थित प्रमोटरों के साथ संबंध होने के आरोप लगे हैं।

# गोवा के कैसिनो किंग समुन्दरसिंह के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

## अवैध ऑनलाइन-ऑफलाइन सट्टेबाजी पर कार्रवाई

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** गोवा में कैसिनो कारोबार चलाने वाले मूलत: बाड़मेर के नौसर समुन्दरसिंह राठौड़ के जोधपुर स्थित घर व अन्य ठिकानों पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने छापेमारी की है। विभाग की टीमें समूह की व्यावसायिक गतिविधियों और संदिग्ध लेनदेन की जांच में जुटी है। जोधपुर में की यह कार्रवाई बेंगलुरू में शुरू हुई ईडी की कार्रवाई से जुड़ी है, जिसमें देशभर में करीब तीस ठिकानों पर छानबीन की जा रही है। इनमें जोधपुर के तीन ठिकाने भी शामिल हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी से जुड़े एक बड़े मामले में देशभर में छापेमारी अभियान चलाया है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग विधायक केसी वीरेंद्र और अन्य के मामले में चलाई गई इस कार्रवाई में गोवा के प्रसिद्ध कैसिनो कारोबारी समुन्दरसिंह राठौड़ के ठिकानों सहित कुल 30 स्थानों पर तलाशी ली गई। समुंदरसिंह बाड़मेर




जिले के नौसर के रहने वाले है और वर्तमान में जोधपुर रहते है। ईडी बेंगलुरु जोनल कार्यालय द्वारा संचालित इस अभियान में चित्रदुर्ग जिले में छह परिसर, बेंगलुरु शहर में दस परिसर, जोधपुर में तीन परिसर, हुबली में एक परिसर, मुंबई में दो परिसर और गोवा में आठ परिसर (जिनमें पांच कैसिनो शामिल हैं) पर कार्रवाई की गई। जोधपुर में ईडी की टीमों ने समुन्दरसिंह राठौड़ के कुल तीन ठिकानों पर कार्रवाई की है। इनमें भगत की कोठी विस्तार योजना स्थित मुख्य बंगला और शास्त्री नगर क्षेत्र में स्थित अन्य संपत्ति शामिल है। राठौड़ गोवा में मैजिस्टिक प्राइड कैसिनो के नाम से बड़ा कैसिनो कारोबार संचालित करते हैं। यह गोवा का सबसे बड़ा ऑफ-शोर कैसिनो बताया जाता है। इसके अलावा राठौड़ कई कंपनियों के निदेशक हैं, जिनमें होटल्स, इंफ्रावेंचर, सोलर एनर्जी कंपनियां भी शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार राठौड़ नौसर के गरीब परिवार से आते हैं, जो कुछ वर्ष पूर्व नौकरी की तलाश में हुबली पहुंचे थे। वहां एक दुकान पर काम करते हुए कैसिनो के प्रति झुकाव बढ़ा और उसी को अपना व्यवसाय बना लिया। कुछ ही वर्षों में राठौड़ ने इतनी कमाई कर ली, कि करीब 7 महीने पहले अपने परिवार में बेटी की शादी के दौरान रेगिस्तान में 600 लक्जरी टेंट लगाकर चर्चा में आ गए। यह शादी पूरे बाड़मेर-बालोतरा में चर्चा का केंद्र रही थी। इस शादी में कई बड़े राजनेता व उच्चाधिकारी भी शामिल हुए थे।

**कर्नाटक चित्रदुर्ग से जुड़े काली कमाई के तार :** इस मामले में मुख्य आरोपी कर्नाटक के चित्रदुर्ग विधायक केसी वीरेंद्र (उपनाम पपी) को बताया जा रहा है, जिसके खिलाफ किंग567, राजा567, रत्ना गेमिंग जैसी कई ऑनलाइन सट्टेबाजी साइटों के संचालन, अवैध ऑनलाइन बेटिंग नेटवर्क चलाने और मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने के आरोप हैं। चित्रदुर्ग के चल्लकेरे शहर में वीरेंद्र और उनके बड़े भाइयों केसी नागराज और के.सी. टिप्पेस्वामी के निवास स्थानों पर भी तलाशी ली गई है। केसी वीरेंद्र का भाई केसी थिप्पेस्वामी दुबई से तीन व्यावसायिक संस्थाओं का संचालन कर रहा है - डायमंड सॉफ्टेक, टीआरएस टेक्नोलॉजीज और प्राइम9 टेक्नोलॉजीज, जो के.सी. वीरेंद्र की कॉल सेंटर सेवाओं और गेमिंग व्यवसाय से संबंधित हैं।

# बस चालक ने मासूम बच्ची से की गंदी हरकत

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** कमिश्नरेट के जिला पश्चिम में एक निजी स्कूल में पढ़ने वाली पांच साल की बच्ची से बेड टच की घटना हो गई। स्कूल में ट्रांसपोर्टेशन में लगे एक चालक ने यह करतूत की। हालांकि वह बच्ची को लाता ले जाता नहीं है लेकिन उस पर आरोप लगा है। पुलिस गहनता से इसकी जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। पीड़ित बच्ची के दादा की तरफ से पॉक्सो में केस दर्ज कराया गया है।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस के अनुसार एक बच्ची के दादा की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी पौत्री एक निजी स्कूल में पढ़ती है। बच्ची को स्कूल लाने ले जाने के लिए खुद परिजन ही लगे हुए है। गुरुवार को निजी स्कूल में ही ट्रांसपोर्टेशन में लगे चालक ने उसकी पौत्री से बेड टच किया। उसके निजी अंगों से गलत हरकत की। घटना सुबह नौ से दोपहर बारह बजे के बीच की है। पुलिस के अनुसार बच्ची करीब पांच साल की है। इस बारे में स्कूल परिसर के सीसीटीवी फुटेज जांचे जा रहे हैं। किस जगह यह हरकत की गई इसका पता फुटेज से चल पाएगा। फिलहाल अग्रिम जांच की जा रही है।

# गाय पकड़ने पर महिला का हंगामा

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम दक्षिण की तरफ से इन दिनों आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को नगर निगम दक्षिण का पशु क्रेचर दस्ता सुबह चांदणा भाखर हुडको क्वार्टर रोड पर पहुंचा। यहां पर आवारा पशुओं को पकड़ने का काम शुरू किया गया। एक महिला ने अपनी गाय को पकड़े जाने पर काफी विरोध और हंगामा किया। वह पशु क्रेचर वाहन में जाकर बैठ गई। काफी समझाइश के उपरांत मानी और गाय को क्रेचर में डालकर गौशाला भिजवाया गया। महिला ने दस्ते के लोगों को रुपए लेकर गाय छोड़ने तक की मिन्नतें की, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो पाई। दरअसल नगर निगम दक्षिण की तरफ से इन दिनों शहर की सड़कों पर बाधित बने आवारा पशुओं को पकड़ा जा रहा है। सुबह काउ क्रेचर दस्ता चांदणा भाखर हुडको क्वार्टर रोड पर पहुंचा। जहां एक महिला की गाय को केचर में डालने का प्रयास किया गया तो वह विरोध पर उतर आई। वह क्रेचर वाहन में जाकर बैठ गई। काफी समझाइश के उपरांत मानी और उसे क्रेचर से उतारा जा सका। निगम टीम ने काउ क्रेचर में बाद में गाय को गौशाला भिजवाया। घटना का वीडियो आया है जिसमें महिला मिन्नतें कर रही है। लेकिन दस्ता उसकी बात नहीं मान रहा। साथ ही महिला ने रुपए लेकर गाय छोड़ने की मिन्नतें भी की।



# 40 हजार की नगदी व आभूषण चोरी

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के निकटवर्ती करवड़ स्थित खारीखुर्द गांव में एक मकान में रात को सेंध लगाकर चोर आभूषण के साथ चालीस हजार की नगदी चुरा ले गए। घर मालिक ने इस बारे में पुलिस में मामला दर्ज करवाया। चोरों का पता लगाने का प्रयास जारी है। करवड़ पुलिस ने बताया कि खारीखुर्द निवासी भगाराम पुत्र दलाराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके घर में रात के समय अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर 40 हजार की नगदी के साथ आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी गए आभूषण का ब्यौरा फिलहाल नहीं दिया गया। पुलिस जांच में जुटी है।

# ओवरलोड संचालन पर 237 वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र निलम्बित

## अब तक जोधपुर जिले में 524 वाहनों पर की कार्रवाई

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** खान एवं भूविज्ञान विभाग राजस्थान से प्राप्त ई-रवन्ना का विश्लेषण करने पर यह पाया गया कि एक जनवरी 2020 से तीस जून 2025 तक विभिन्न वाहनों द्वारा ओवरलोड माल परिवहन किया गया। इस पर ई-रवन्ना चालान बनाते हुए मोटर वाहन अधिनियम की धारा 53 (1) (ए) के अन्तर्गत पंजियन प्रमाण पत्र निलम्बन की कार्यवाही की गई। इसके लिए वाहन स्वामियों को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भेजकर सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया, किन्तु न तो वे नियत समय पर उपस्थित हुए और न ही वाहन निरीक्षण के लिए प्रस्तुत किया गया। इससे यह प्रमाणित हुआ कि वाहन स्वामी अपने वाहनों के ओवरलोड संचालन के अपराध को स्वीकार करते हैं।

जिला परिवहन अधिकारी प्रथम, जोधपुर ने बताया कि वाहन संख्या अनुसार ओवरलोड संचालन कोई आकस्मिक अपराध नहीं बल्कि वाहन स्वामियों द्वारा इरादतन किया गया कार्य है, जिससे सड़क उपयोगकर्ता आमजन की जान जोखिम में पड़ती है और स्वामी अपने व्यावसायिक हित साधते हैं। जनहित में आदेश जारी करते हुए लगातार ओवरलोड संचालन एवं वाहनों की बॉडी में प्रोटोटाइप के विरुद्ध किए गए परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए 237 वाहनों के पंजियन प्रमाण पत्र निलम्बित किए गए हैं। इन वाहनों से 12 लाख रुपये की राशि बकाया है। पूर्व में 287 वाहनों को निलम्बित किया गया था, जबकि अब तक कुल 524 वाहनों को निलम्बित किया जा चुका है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगे भी ऐसी कार्यवाही जारी रहेगी। वाहन स्वामियों को निर्देशित किया गया है कि निलम्बन अवधि में किसी भी स्थिति में अपने वाहनों का संचालन न करें।

# हज यात्रियों के लिए जोधपुर हज हाउस में विशेष व्यवस्था

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु हज हाउस जोधपुर में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मारवाड़ हज वेलफेयर सोसायटी जोधपुर एवं कुरैश कॉन्फ्रेंस के सहयोग से यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर मारवाड़ हज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष अल्हाज सलीम चौहान, महासचिव हाजी अब्दुल जब्बार, उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद छोटू खान, कुरैश कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल क़य्यूम क़ुरैशी सहित सोहैब नवाज खान, ज़ाकिर हुसैन, अब्दुल क़य्यूम लोदी, अब्दुल हनान, इकरामुद्दीन काज़ी, शकील अहमद चिनिया, अब्दुल जावेद व अब्दुल सलाम मौजूद रहे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जोधपुर की देखरेख में डॉ. दिनेश टाक एवं उनकी टीम द्वारा हज यात्रियों के मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट हज हाउस परिसर में ही उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य है कि हज यात्रियों को मेडिकल परीक्षण के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। इसके साथ ही हज आवेदन की रसीद, प्रथम किस्त की बैंक स्लिप आदि दस्तावेज़ों की बारीकी से जांच प्रशिक्षित हज सेवकों द्वारा की जा रही है। जांच के बाद सभी दस्तावेज़ों को राजस्थान राज्य हज कमेटी जयपुर भेजने हेतु हार्ड कॉपी का लिफाफा तैयार कर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित किया जा रहा है।

# धूमधाम से मनाया जाएगा महर्षि दाधीचि ऋषि जन्मोत्सव

## विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन, खेलकूद प्रतियोगिताएं आज से

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** महर्षि दाधीचि ऋषि के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जोधपुर में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर 31 अगस्त को पहली बार महारुद्री अभिषेक और विश्व शांति यज्ञ का आयोजन होगा।

दाधीच सेवा समिति जोधपुर संभाग के प्रवक्ता प्रेमशंकर आचार्य ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत 24 अगस्त से खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ होगी। माता का थान दाधीच ऋषि आश्रम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए शतरंज, मेहंदी, बैडमिंटन, रंगोली, म्यूजिकल चेयर और महिला कबड्डी जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। समिति अध्यक्ष पवन आसोपा ने बताया कि तीस अगस्त को सुबह दस बजे पावटा दधीच उद्यान में नेत्र ज्योति महाशिविर, हनुमान चालीसा पाठ और भजन संध्या का आयोजन किया



जाएगा। वहीं, फलोदी के प्रसिद्ध पंडितों के नेतृत्व में दधीच उद्यान में पहली बार रुद्राभिषेक और विश्व शांति यज्ञ संपन्न होगा। इसके साथ ही पावटा सैटेलाइट अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित होगा तथा पावटा दधीच उद्यान से माता का थान आश्रम तक वाहन रैली भी निकाली जाएगी। सह प्रवक्ता जितेंद्र पाटोदिया ने बताया कि कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए 151 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। समिति के संरक्षक सत्यरण रिन्वा, घनश्याम तिवाड़ी, विकास दाधीच, धीरेंद्र दाधीच, राजेंद्र करेशिया, भरत दाधीच, बंशीलाल नामवाल, नवीन दाधीच, अरुण त्रिपाठी, अशोक बोरायदा, गजानंद करेशिया और मनीष इटोदिया सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। दाधीच समाज महिला संगठन की रेखा दाधीच, सुषमा दाधीच, सरित शर्मा और कविता दाधीच सहित अनेक महिलाएं भी कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

# सिंधी वेलफेयर एण्ड मेडिकल सोसायटी मामले में हाईकोर्ट से टेवानी की याचिका खारिज

## पुलिस अधीक्षक को प्रतिनिधित्व दस्तावेज प्राप्त कर उचित निर्णय करने के आदेश

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर की मुख्य पीठ ने सिंधी वेलफेयर एण्ड मेडिकल सोसायटी की पूर्व कार्यकारिणी के अध्यक्ष कन्हैयालाल टेवानी एवं उनके अन्य सात पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत की गई याचिका को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने पुलिस अधीक्षक को आदेशित किया कि वह परिवादी महेश खेतानी की रिपोर्ट पर 30 दिनों के भीतर निर्णय करने के निर्देश जांच अधिकारी को दें। अगर आरोप सही पाए जाते हैं और पुलिस को लगे की गिरफ्तारी आवश्यक है तो याचिकाकर्ताओं को 15 दिन का नोटिस दिया जाकर अग्रिम कार्यवाही की जाए।

गौरतलब है कि सिंधी वेलफेयर एण्ड मेडिकल सोसायटी की कार्यकारिणी के अध्यक्ष महेश खेतानी ने पूर्व कार्यकारिणी के अध्यक्ष कन्हैयालाल टेवानी एवं सात अन्यों के खिलाफ देवनगर पुलिस थाने में दर्ज करवाई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहा कि टेवानी व उनके अन्य समर्थकों ने गैर कानूनी तौर पर कार्यकारिणी गठित कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सिंधी वेलफेयर एण्ड मेडिकल सोसायटी के वेलफेयर फण्ड का दुरुपयोग किया। इस मामले में पुलिस द्वारा अनुसंधान किए जाने के बाद टेवानी व अन्य अभियुक्तगणों को मुलजिम करार दिया गया। तब आरोपियों ने राजस्थान हाईकोर्ट में एफआईआर को खारिज करने के लिए याचिका प्रस्तुत की। हाईकोर्ट के न्यायाधीश मुकेश राजपुरोहित ने इस याचिका को खारिज करते हुए अभियुक्तगणों को आदेश की प्रति प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर पुलिस अधीक्षक, जोधपुर के समक्ष प्रतिनिधित्व दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया तथा पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि वह प्रतिनिधित्व दस्तावेज का गहन अध्ययन एवं निष्पक्ष रूप से जांच कर 30 दिन के भीतर निर्णय सुनिश्चित करें। अदालत में परिवादी महेश खेतानी की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार शर्मा, राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता श्रीराम चौधरी एवं अभियुक्तगणों की ओर से हिमांशु चौधरी ने पैरवी की।

# एक शाम वीर प्रभु के नाम भक्ति संध्या आज

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री वीर प्रभु संस्थान की ओर से पर्युषण पर्व पर 23 अगस्त को एक शाम-वीर प्रभु के नाम भक्ति संध्या का आयोजन रखा गया है, जिसमें जैन भजनों के ख्यातनाम भजन गायक जोधपुर में भजनों की बारिश करेंगे। संस्थान अध्यक्ष दीपक डोसीव सचिव दर्शन सांखला ने बताया कि पर्युषण पर्व के उपलक्ष में भक्ति संध्या का आयोजन सांय 7.30 बजे गौरवपथ पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित मारवाड इंटरनेशनल सेंटर पर रखा गया है। भक्ति संध्या में प्रसिद्ध जैन भजन गायक अरिहंत कांकरिया व सेजल डोसी द्वारा मधुर जैन भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। संस्थापक राजकुमार भंडारी ने बताया कि भजन संध्या में आने वाले सभी श्रोताओं का तिलक लगाकर व प्रभावना वितरण कर स्वागत अभिनंदन किया जाएगा।

# बैटरी चार्ज करते ई स्कूटी में लगी आग, जलकर हुई खाक

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** भदवासिया इलाके में शुक्रवार सुबह एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। परिवार स्कूटी की बैटरी को चार्ज पर लगाकर सब्जी लेने गए थे। इस दौरान ज्यादा चार्ज होने से शॉर्ट सर्किट से ई स्कूटी में आग लग गई। आग में स्कूटी और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार भदवासिया



इलाके के दधिमती नगर में आज सुबह घर में चार्जिंग में लगी बैटरी व्हीकल में अचानक आग लग गई। आग फैलने से घर का सामान भी चपेट में आने से जल गया। घटना के दौरान घर के सदस्य सब्जी लेने गए थे, वहीं गाड़ी चार्ज में लगी थी। अचानक धुंआ उठता देख मोहल्ले वालों ने सूझबूझ दिखाते हुए आग पर काबू पाया। जिस कारण बड़ा हादसा टला। इस दौरान मौहल्लेवासियों ने फायरब्रिगेड को भी सूचना दी लेकिन फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंची और जब पहुंची तब तक मौहल्लेवासियों ने आग पर काबू पा लिया। सूचना के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी के समय पर नहीं पहुंचने को लेकर मोहल्लेवासियों ने नाराजगी जताई।

# एकाउंटेंट्स एसोसिएशन के चुनाव आज

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान एकाउंटेंट्स एसोसिएशन जिला शाखा जोधपुर के चुनाव 23 अगस्त को होंगे।

चुनाव निर्धारित समयावधि एवं संगठन के संविधान अनुसार करवाने हेतु सहायक लेखाधिकारी प्रथम इकबाल अली रंगरेज को संयोजक नियुक्त किया गया था, जिनके द्वारा सघन अभियान चलाकर जोधपुर जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थापित अधीनस्थ लेखा सेवा के कार्मिकों से सदस्यता शुल्क प्राप्त कर शत-प्रतिशत लेखाकर्मियों को सदस्यता ग्रहण करवाई गई तथा चुनाव से पूर्व की समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए अंतिम मतदाता सूची जारी की गई। निष्पक्ष एवं संविधान अनुसार चुनाव करवाने हेतु मुख्य लेखाधिकारी तकनीकी शिक्षा जोधपुर कैलाश चंद नाडोला को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन अधिकारी नाडेला ने बताया कि 23 अगस्त को सुबह आठ से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा एवं मतदान के तत्काल पश्चात मतगणना प्रारंभ की जाएगी एवं परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## आम सूचना

सर्व साधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार SEWA GRIH RIN LIMITED द्वारा श्रीमती सुगना पत्नी श्री रमेश बंजारा व श्री मनीष बंजारा, जातिगण बंजारा, निवासीगण 8, प्रताप नगर, पाली को ऋण वितरित किया जाना है। मौजा चक-1, खसरा नम्बर 106 शांतिप्रिय नगर, पाली में स्थित भूखण्ड संख्या 244 श्रीमती सुगना पत्नी श्री रमेश बंजारा के नाम आया हुआ स्थित है। उक्त भूखण्ड़ श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री गुमानराम, जाति देवासी, निवासी ग्राम हापत, तहसील सोजत, जिला पाली द्वारा जरिये बेचाण इकरारनामा दिनांक 26.11.2019 को श्री आशिक अली पुत्र नूर मोहम्मद, जाति सिपाही मुसलमान, निवासी पाली द्वारा खरीद किया गया था तत्पश्चात् श्री ओमप्रकाश का देहान्त दिनांक 14.03.2021 को होने के बाद उनके विधिक वारिशान्/उतराधिकारीगण श्री गुमानराम पुत्र हेतानराम, श्रीमती भीकलीदेवी पत्नी श्री गुमानराम व श्री पपाराम पुत्र श्री गुमानराम देवासी, निवासीगण हापत द्वारा उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड बेचाणनामा दिनांक 25.01.2025 के श्रीमती सुगना पत्नी श्री रमेश बंजारा को बेचाण किया गया। उक्त स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश के अन्य कोई जीवित विधिक वारिशान् या उक्त बेचाणनामा दिनांक 25.01.2025 बाबत् उक्त सम्पत्ति के मालिकाना हक हिस्सा बाबत् किसी व्यक्ति संस्था को मालिकाना हक बाबत् कोई उजर, एतराज हो तो उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर मुझ अधिवक्ता के समक्ष अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद गुजरने म्याद के किसी प्रकार का कोई एतराज शून्य माना जायेगा। वर्तमान में उक्त सम्पत्ति दि पाली सैण्ट्रल कॉ-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में बंधक है।

इति दिनांक : 21.08.2025

दामोदर तिवारी (एडवोकेट)
पाली, मो. 94141-20533

# कार चढ़ाकर युवक की जान लेने का प्रयास

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो, केस दर्ज

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** शहर के पाल बालाजी-डीपीएस सर्किल रोड पर एक ढाबे के पास युवक पर कार चढ़ाकर मारने का प्रयास किया गया। युवक ने खुद का बचाव कर लिया था। इस बारे में एक वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीड़ित ने अज्ञात शख्स के खिलाफ चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में अब रिपोर्ट दी है। काफी तेजी से निकली कार के नंबर तक पता लगाना पुलिस के लिए अब मुश्किल हो रहा है। फिलहाल अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर मिल्कमैन कॉलोनी गली नंबर दो निवासी निखिल भाटी पुत्र सुरेंद्र भाटी ने मामला दर्ज करवाया है। इसमें बताया कि वह 19 अगस्त की रात को अपने परिचित मित्र के साथ पाल बालाजी-डीपीएस सर्किल रोड पर एक ढाबे पर आया था। जहां से लौटते वक्त तकरीबन रात 12.30 बजे एक कार दनदनाती उसके सामने आई और उसके चालक द्वारा मारने का प्रयास किया गया। गनीमत रही कि वह बच गया। वह तुरंत कार से पीछे हट गया। कार का चालक गाड़ी को तेजी से भगा कर ले गया। पुलिस ने बताया कि मामला अज्ञात शख्स के खिलाफ दर्ज हुआ है। उसकी किसी से रंजिश भी हो सकती है। निखिल डेयरी का काम करता है। हमले की वजह बदमाश के पकड़े जाने पर ही पता लग पाएगी। जांच एसआई सुलोचना की तरफ से की जा रही है।

# ट्रेन की छत पर बैठकर रामदेवरा नहीं जा सकेंगे जातरू

## रेलवे ने जारी की एडवाइजरी, विद्युतीकृत तारों में प्रवाहित है 25 हजार वॉल्ट क्षमता का करंट

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** रेल प्रशासन ने रामदेवरा मेले में जाने वाले सभी जातरुओं के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि जोधपुर मंडल के सभी रेल मार्गों का शत प्रतिशत विद्युतीकरण किया जा चुका है, ऐसे में ट्रेन और बसों की छतों पर बैठकर यात्रा करना जानलेवा हो सकता है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने शुक्रवार को कहा कि रामदेवरा मेले के दौरान जातरू ट्रेन की छत पर बैठकर यात्रा नहीं कर सकेंगे क्योंकि समूचे जोधपुर मंडल के रेलमार्गों का विद्युतीकरण करवाया जा चुका है और उनके ऊपर से गुजरने वाले विद्युतीकृत तारों में 25 हजार वॉल्ट का करंट प्रवाहित हो रहा है। उन्होंने इसे देखते हुए रामदेवरा के मेलार्थियों



और अन्य सभी रेल यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए रेल यात्रा के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी है। डीआरएम ने बताया कि इस संबंध में आरपीएफ को रामदेवरा आवागमन करने वाली सभी ट्रेनों पर इस बात की विशेष निगरानी रखने को कहा गया है कि कोई भी यात्री ट्रेन की छत पर यात्रा न करें।

इसके साथ ही उन्होंने सडक़ मार्ग से निजी अथवा सरकारी बसों और वाहनों से रामदेवरा जाने वाली यात्रियों को इसके प्रति आगाह किया है कि वह लेवल क्रॉसिंग पार करते समय इन तारों का विशेष ध्यान रखें और किसी भी माध्यम से विद्युतीकृत तारों के साथ छेड़छाड़ कर वाहन निकालने की कोशिश ना करें अन्यथा इनमें प्रवाहित होने वाले करंट जानलेवा साबित हो सकता है।

**ट्रेन की छत पर यात्रा करना कानूनी अपराध :** ट्रेन की छत पर यात्रा करना रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 156 के तहत एक दंडनीय अपराध है। ऐसा करने पर तीन महीने तक की जेल, 500 रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। यह न केवल खतरनाक और जानलेवा है, बल्कि यह रेलवे नियमों का उल्लंघन भी है। उन्होंने बताया कि रामदेवरा आवगमन करने वाले जातरुओं की सुविधा हेतु पर्याप्त संख्या में अनारक्षित ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है तथा यात्री उचित माध्यमों से इस संबंध में जानकारी हासिल कर अपनी सुरक्षित यात्रा कर सकते हैं।

# जेएनवीयू में नकल प्रकरणों की सुनवाई आज

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की वर्ष 2025 की परीक्षाओं में नकल प्रकरण के कारण जिन विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रोका गया है उन समस्त विद्यार्थियों की सुनवाई हेतु गठित समितियों की बैठक 23 अगस्त को सुबह 11.30 बजे बृहस्पति भवन केन्द्रीय कार्यालय परिसर में रखी गई है। सभी विद्यार्थियों को कारण बताओ नोटिस स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित किए जा रहे हैं। डाक की देरी अथवा अन्य किसी कारण से किसी विद्यार्थी को कारण बताओ नोटिस नहीं मिलते हैं तो विद्यार्थी 23 अगस्त को सीधे सुनवाई के समय व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो सकते है।

# आईएफडब्ल्यूजे का प्रदेशाध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ पत्रकार गौड़ का अभिनंदन



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** वरिष्ठ पत्रकार राजीव गौड़ को इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट का राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सत्यमेव जयते सिटिजन सोसायटी द्वारा उनका अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एडवाइजरी बोर्ड के निदेशक हस्तीमल सारस्वत, उपाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, कोषाध्यक्ष सूरज एस गांग, सोसायटी की अध्यक्ष विमला गट्टानी व सचिव चंद्र किरण दवे तथा सदस्य राजेश सारस्वत और अजीत सिंह उपस्थित रहे। सभी ने राजीव गौड़ को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प भेंट कर सम्मानित किया और उनके नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# स्काउट गाइड एशिया प्रशांत सम्मेलन में जोधपुर की लीडर्स सम्मानित

## मलेशिया की राजकुमारी ने प्रदान किया प्रतिष्ठित सिल्वर पिन अवॉर्ड

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** स्काउट गाइड संगठन द्वारा आयोजित 15वां एशिया प्रशांत क्षेत्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। यह सम्मेलन वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ गर्ल गाइड्स एंड गर्ल स्काउट्स द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें 22 देशों के प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य युवा महिलाओं और लड़कियों में साहसिक गतिविधियों का विकास, अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान, भाषा, वेशभूषा, खानपान और कलाओं की साझेदारी को प्रोत्साहन देना है।



सम्मेलन के तीसरे दिन मलेशिया की राजकुमारी परमेश्वरी जौहर ने जोधपुर दल की प्रतिभागी सीओ निशु कंवर, शकुंतला पांडे, कांता शर्मा, किरण देवी, शशि और प्रकाश शर्मा को सिल्वर पिन से सम्मानित किया। जोधपुर मंडल के सहायक राज्य संगठन आयुक्त छतर सिंह पीडीयार और जिला सचिव डॉ. बीएल जाखड़ ने बताया कि पांच दिवसीय सम्मेलन में भविष्य केंद्रित रणनीति, प्रकृति और इंसान के रिश्तों का परिशोधन, समावेशी विकास, सकारात्मक नेतृत्व और कार्यप्रणाली के आदान-प्रदान जैसे विषयों पर चर्चा की जा रही है। डॉ. जाखड़ ने बताया कि राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त केके खंडेलवाल के नेतृत्व में चल रहे इस सम्मेलन में स्काउट गाइड की गतिविधियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का समावेश, युवाओं के चारित्रिक निर्माण, आत्मनिर्भरता तथा गर्ल गाइड और गर्ल स्काउट्स की भूमिका पर विशेष सत्र आयोजित हो रहे हैं।

# मालानी एक्सप्रेस के टर्मिनल स्टेशन में परिवर्तन

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** उत्तर रेलवे द्वारा बाड़मेर-दिल्ली-बाड़मेर मालानी एक्सप्रेस स्टेशन में परिवर्तन किया जा रहा है। यह रेलसेवा दिल्ली के स्थान पर बाड़मेर-दिल्ली सराय-बाड़मेर के मध्य संचालित होगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 20487 बाड़मेर-दिल्ली सराय मालानी एक्सप्रेस 28 अगस्त को बाड़मेर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा दिल्ली सराय स्टेशन पर 12.30 बजे आगमन करेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20488 दिल्ली सराय-बाड़मेर मालानी एक्सप्रेस 29 अगस्त से दिल्ली सराय से 15.50 बजे प्रस्थान कर अपने निर्धारित समय से बाड़मेर पहुंचेगी।

# नि:शुल्क होम्योपैथिक व नेत्र चिकित्सा जांच शिविर आयोजित

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** सरदार समंद ज़िला विद्यालय में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर और आंखों की जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन एचएच महाराजा गजसिंह मेडिकल विंग, ताज उम्मेद भवन पैलेस और मदर वर्ल्ड फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

संस्था सचिव कला गुर्जर ने बताया कि यह विशेष शिविर शिवरंजनी राज्ये की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें सरदार समंद के ग्रामीण वासी, वहां कार्यरत कर्मचारी, उनके परिजन एवं किसान परिवार लाभान्वित हुए। शिविर में चर्म रोग, श्वास रोग, नशा मुक्ति, माइग्रेन, पाइल्स, फिशर, जोड़ों का दर्द, पुरानी खांसी, नासूर, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, आंख, नाक व



कान संबंधी समस्याओं की जांच कर निश्शुल्क दवाएं वितरित की गई। साथ ही ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच भी की गई। इस अवसर पर ताज उमेद भवन पैलेस के महाप्रबंधक मनु शर्मा ने शिविर का अवलोकन किया। उनके साथ एचआर मैनेजर नीतिश विलियम्सन सहित अन्य गणमान्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक अख्तर परवेज और किरण शारदा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वहीं उम्मेद भवन पैलेस की ओर से रमा रविचंद्रन, अंजना पुनिया, केशव सिंह, विशाल शर्मा, भेरा राम पंवार, दलपत सिंह, नीरज कुमार, उदय और बबलू ने सक्रिय सहयोग किया।

# बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान और संस्कार पैदा करने की जरूरत : साध्वी सुनेहाश्री

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** श्री साधुमार्गी जैन परम्परा के राष्ट्रीय सन्त आचार्य रामेश की आज्ञानुवर्ती साध्वीयों के सान्निध्य में पर्यूषण महापर्व के तीसरे दिवस पर आज जोधपुर के चार विभिन्न स्थानों पर चातुर्मास के दौरान महामन्दिर स्थित आचार्य उदयसागर समता भवन में शासन दीपिका साध्वी कुसुमकान्ता म.सा.के सान्निध्य में साध्वी सुनेहाश्री म.सा.ने फरमाया कि आजकल बड़ी बड़ी डिग्रियाँ मिल जाती है, परन्तु व्यवहारिक ज्ञान की कमी रहती है। आवश्यकता है बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान और संस्कार पैदा करने की।

सरदारपुरा स्थित जैन स्थानक कोठारी भवन में शासन दीपिका साध्वी काव्ययशाश्री म.सा. ने फरमाया कि जिसने जैसा कर्म किया है उसे भोगना ही पड़ेगा, कर्म उदय में आयेंगे तो परिणाम देंगे। हम अपने अन्दर की शक्तियों को जागृत करें तो इन परिणामो को रोका भी जा सकता है। आज का दिवस चौविहार दिवस के रूप में मनाया गया। भगवान कृष्ण वासुदेव के बचपन का वर्णन भी किया गया। पाल रोड, रुपनगर, अरिहन्त नगर स्थित सुराणा भवन में शासन दीपिका साध्वी मननप्रज्ञा म.सा.ने फरमाया कि हमारी भूमिका सही नही होगी तो धर्म क्रियाओं को जड़ नही बना पायेंगी। जब जड़ ही नही बनेगी तो पौधा पनपने वाला नही है। आचार्य नानेश मार्ग स्थित समता भवन में शासन दीपिका साध्वी मुक्तिप्रभा म.सा. के सान्निध्य में साध्वी अर्चिताश्री म.सा.ने फरमाया कि हम अहंकार का त्याग कर अरिहन्त के साधक बनें। हम किसी पर उपकार करें उसे भूल जायें,पर हम पर कोई उपकार करे उसे भूलना नही। प्रवचन के पश्चात सभी स्थलों पर श्रद्धालुओं द्वारा एकासन, आयम्बिल, उपवास, तेला, अठाई, मासखामण एवं अन्य त्याग, प्रत्याख्यान म.सा.जनों के मुखारबिन्द से लिए गए। मिताली भण्डारी, लीला गुलेच्छा, करिश्मा सालेचा, विनोद चौपड़ा, विवेक गुलेच्छा, अनमोल जैन,मनोज जैन, मनु विनायकिया आदि ने अठाई तप की आराधना की है। बड़ी तपस्या में समता महिला मण्डल की अध्यक्ष मन्जु चौपड़ा द्वारा 16 उपवास की आराधना की गयी। प्रवचन का समय प्रतिदिन प्रात: 8.30 बजे एवं प्रतिकमण का समय सायं 7 बजे का रहेगा। प्रवचन के पश्चात प्रतिदिन समता युवा संघ द्वारा धार्मिक परीक्षा का आयोजन भी किया जा रहा है।

# अवैध हथियारों के साथ छह गिरफ्तार

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** कमिश्नरेट पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्र में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चलाकर छह लोगों को पकड़ा। पुलिस ने चाकू और जमिया आदि बरामद किए। सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में प्रकरण बनाए गए। महामंदिर थाने के एएसआई अमराराम ने हेमसिंह का कटला रोड पर जनता कॉलोनी कब्रिस्तान के पीछे नागौरी गेट निवासी बुंदू उर्फ विक्की पुत्र मोहम्मद युसुफ को पकड़ा और चाकू जब्त किया।

इसी तरह थाने के एएसआई सुरेशचंद ने सब्जी मंडी में निर्माणाधीन दुकानों के पास से सांसी कॉलोनी भदवासिया निवासी दीपक पुत्र गजाराम सांसी को पकड़ा और चाकू जब्त किया। दूसरी तरफ एयरपोर्ट थाने के एसआई पूर्णसिंह ने पाबुपुरा एयरपोर्ट रोड पर साजटा सिण्धरी बाड़मेर निवासी थानाराम पुत्र कानाराम जाट को चाकू सहित पकड़ा। जबकि हैडकांस्टेबल श्रवणराम ने पोलो मैदान रोड पर धोरीमन्ना बाड़मेर निवासी दीपक पुत्र भूराराम जाट से चाकू जब्त किया। इसी प्रकार नागौरी गेट थाने के एएसआई पप्पूसिंह ने रामबाग कागा कॉलोनी निवासी हेमंत उर्फ प्रवीण पुत्र संतोष कुमार से चाकू जब्त किया। इधर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस थाने के एएसआई भंवराराम ने 20ई सेक्टर उद्यान अपार्टमेंट के पीछे से नई बस्ती पाल बोरानाडा निवासी बादल पुत्र जगदीश बंजारा को गिरफ्तार कर जमिया बरामद किया। सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया गया है।

# आत्मा का औषध है पौषध : साध्वी अर्चितगुणाश्री

## जयकारों के साथ निकली कल्पसूत्र की शोभायात्रा

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** भैरू बाग तीर्थ में साध्वी अर्चितगुणाश्री के सानिध्य में कल्पसूत्र की शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ सकल संघ की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ निकाली गई।

तीर्थ के प्रवक्ता दिलीप जैन एवं सचिव जगदीश गांधी ने बताया कि कल्प सूत्र के चढ़ावे का लाभ कमला-गुणदयाल चंद, गणेश एवं निर्मल भंडारी परिवार ने लिया तथा ढोल नगाड़ों के साथ नाचते झूमते भक्ति भाव एवं उल्लास के साथ कल्पसूत्र को अपने निवास स्थल पर लेकर गए। साथ ही तीर्थ में रात्रिकालीन भक्ति भी करवाई गई। इससे पूर्व पर्युषण महापर्व के तीसरे दिन धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी अर्चितगुणाश्री ने कहा कि पौषध आत्मा का औषध है। संपूर्ण संसार का त्याग करते हुए एक दिन पौषध करने से बहुत बड़े पुण्य का तो बंध होता ही है साथ ही साधुचर्या में रहने का अनुभव भी प्राप्त होता है। हमें अपनी आत्मा को पुष्ट करने के लिए पौषध व्रत धारण करना चाहिए।

तीर्थ के उपाध्यक्ष आदेश्वर कोचर एवं सह सचिव सुनील सिंघवी ने बताया कि शनिवार को गुरुवर्या के मुखारविंद से कल्प सूत्र वाचन का शुभारंभ किया जाएगा। इससे पूर्व पांच ज्ञान पूजाओं के साथ अष्ट प्रकारी पूजन करते हुए कल्पसूत्र का स्वर्ण एवं रजत पुष्पों से बधावणा किया जाएगा। इसके पश्चात देव कंवर एवं मूलचंद सिंघवी परिवार द्वारा गुरुवर्या को कल्पसूत्र वहराया जाएगा। धर्म सभा में समाज सेवी उम्मेदराज जैन का संघ की ओर सं बहुमान किया गया। इस अवसर पर तीर्थ अध्यक्ष गणेश भंडारी, किशोर राज सिंघवी एवं निर्मल भंडारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

ADVT.

# नशे में नहीं रहता हित-अहित का बोध : सुमित मुनि

## श्रावकों ने बड़ी तपस्याओं के पचक्खाण ग्रहण किए

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने अपने दैनिक चातुर्मासिक प्रवचनों में कहा कि मोह के नशे में रहने वाले जीव को आत्मा का बोध नहीं रखता है। शराब का नशा खतरनाक है लेकिन मोह का नशा तो उससे भी ज्यादा घातक है। मोहनीय कार्य के नशे में जीव को हित-अहित की सुध नहीं रहती। यह भवो भव रहता है। भाव बिगड़ जाते है। उन्होंने कहा कि राग-द्वेष से कर्म बंधन करता है। वियोग होने पर रोकर आर्त ध्यान नहीं करें बल्कि उस आत्मा के प्रति सद्भाव रखे कि उसको जिनशासन मिलता रहे। संघ के अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि पर्युषण पर्व को लेकर श्रावकों में जबरदस्त उत्साह छाया हुआ है। गुरुदेव एवं साध्वी का प्रवचन मारवाड़ी एव सरल भाषा में होने से श्रावक भाव विभोर हो गए। आज सुमित्रा नागौरी ने मासखमण एवं मधु बोहरा ने नौ के पचक्खाण ग्रहण किए। विमल बोकडिया एवं महेन्द्र बोहरा ने आजीवन शील व्रत के पचक्खाण ग्रहण किए। मासखामण की अनुमोदना में अनेकों ने भावी बड़ी तपस्याओं के पचक्खाण ग्रहण किए।

# अपहरण व लूट के मामले में फरार 15 हजार का इनामी गुजरात से गिरफ्तार

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जोधपुर ग्रामीण पुलिस की जिला विशेष टीम ने एक इनामी बदमाश को गुजरात में गिरफ्तार किया है। बदमाश ओसियां और चामू थाना के प्रकरणों में फरार चल रहा था। उस पर पंद्रह हजार रुपए का



इनाम घोषित था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला जोधपुर ग्रामीण की जिला विशेष टीम ( डीएसटी ) ने लिस थाना ओसियां में 15 हजारु रुपए का वांछित इनामी बदमाश भाकरों की ढाणी, थोब निवासी ओमप्रकाश पुत्र केसाराम को गुजरात के सूरत में दस्तयाब किया गया है। वह अपहरण एवं लूट के मामले में फरार था और गिरफ्तारी के डर से लगातार अपना ठिकाना बदल कर रहा था। उसके खिलाफ चामू पुलिस थाना में भी मामला दर्ज है। आगे की कार्रवाई के लिए उसे ओसियां पुलिस को सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई डीएसटी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भोपाल सिंह लखावत के सुपरविजन में टीम प्रभारी श्रवणकुमार भंवरिया के नेतृत्व में की गई।

# मानव सेवा ही सच्ची सेवा, परोपकार ही सबसे बड़ा धर्म है : श्रद्धा

## एसडीएम श्रद्धासिंह ने आसोप में चल रहे भंडारे का किया अवलोकन, व्यवस्थाओं को देखकर युवाओं की प्रशंसा

हुक्मनामा समाचार

**भोपालगढ़।** उपखंड क्षेत्र के आसोप में रामसा पीर के दर्शन रामदेवरा जाने वाले जातरूओं की सेवा के लिए पुलिस थाना के पास चल रहे रामरसोडा में युवा तन मन धन से सेवा करते है। आसोप के पुलिस थाना के पास राम रसोड़ा में रामदेवरा जातरूओं के लिए भोजन चाय-नाश्ता दवाइयों आदि निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। रामरसोड़ा में युवा सुबह 6 बजे रामरसोड़ा में सेवा करने लगते है जो रात 10 बजे तक सेवा दे रहे है।समाजिक कार्यकर्ता मनोहर परिहार ने बताया कि रामरसोडा में शुक्रवार को उपखंड अधिकारी श्रद्धासिंह चौधरी ने भी जातरुओं की सेवा देख युवाओ की सराहना की।

चौधरी ने रामरसोडा में व्यवस्था भी देखी और मेडिकल व्यवस्था में युवाओ द्वारा जातरुओं के लिए पैदल चलकर आने वाले को पैर दर्द, कमर दर्द आदि होने पर हाथ पैर दबाने, मोच निकालने, मालिश करने, मरहम पट्टी करने को देखने पर युवाओ की बहुत तारिफ की। साथी ही चौधरी ने कहा रामरसोडा में बाबा के भक्तों की सेवा आसोप के युवा तन मन से कर रहे है और सभी को आगे आकर बाबा के भक्तों की सेवा करनी चाहिए। राम रामरसोड़ा में बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता शर्मिला चौधरी व लोक गायक महावीर सांखला व बैंक ऑफ बड़ौदा के स्टाफ ने भी जातरुओं की कर सेवा पर युवाओ की सराहना की ।



**जातरुओं की सेवा में जुटे हैं भक्त** : कार्यकर्ता भुटाराम चौकीदार व कुम्भाराम चौकीदार ने बताया कि रामसा पीर के दर्शन रामदेवरा जाने वाले जातरूओं की सेवा के लिए भक्त भी पीछे नहीं हैं। आसोप के पुलिस थाना के पास राम रसोड़ा में रामदेवरा जातरूओं के लिए भोजन निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है व रामरसोड़ा में युवाओ द्वारा तन मन धन सेवा दे रहे है। रामरसोड़ा में युवा सुबह 6 बजे रामरसोड़ा में सेवा करने लगते है, जो रात 10 बजे तक सेवा दे रहे है।

## 33 नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

**बालोतरा ( हुक्मनामा समाचार )।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बालोतरा जिले में कुल 33 नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों एवं संस्थाओं से राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण का विनियमन) आदेश 1976 के खण्ड 3 (1) के तहत प्राधिकार पत्र जारी किये जाने हेतु 13 अगस्त को आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिला रसद अधिकारी हजारीलाल आलोरिया ने बताया कि इसी क्रम में नगर परिषद बालोतरा के वार्ड संख्या 23 में सामान्य वर्ग के लिए उचित मूल्य दुकान हेतु आवेदन पत्र आवंटित किये जाते है। आवेदक आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2025 को शाम 06 बजे तक अपना आवेदन जमा करवा सकता है। उन्होने बताया कि शेष शर्तें पूर्व आदेशानुसार यथावत रहेगी।

# सोजत क्षेत्र का गजनाई बांध दूसरी बार ऑवरफ्लो



**सोजत ( हुक्मनामा समाचार )।** क्षेत्र के मगरा में गुरूवार को अच्छी बारिश होने से गजनाई बांध पर चली चादर, 33 फीट की क्षमता वाले गजनाई बांध लबालब ओवरफ्लो होने से क्षेत्रवासियों के चेहरों पर खुशी देखी गई। ओवरफ्लो बंद को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हुई। गजनाई बांध ओवरफ्लो होने से सुकड़ी नदी मे पानी की आवक से किसानों के कुंए पानी की मात्रा बढ़ जाएगी, क्षेत्र में बांध के लगातार दूसरी बार ऑवरफ्लो हुआ है। जिससे किसानों की उम्मीदें जगी हैं और फसलें भी अच्छी होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# ऑनलाइन पढ़ाई के दौरान बच्चे व युवा अनचाहे लिंक से बचें : बिश्नोई

## अपराधों पर लगाम : ठगी का शिकार होने पर हेल्पलाइन पर तुरंत शिकायत दर्ज करवाएं



हुक्मनामा समाचार

**भोपालगढ़।** इंटरनेट के युग में मोबाइल से जहां लोगों का जीवन सुविधाजनक हुआ है, तो कई शातिर साइबर ठग इससे नुकसान भी पहुंचाने लगे हैं। इससे लोगों को आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना का शिकार भी होना पड़ रहा है। कई बार तो युवा एवं किशोर तनाव में आकर अपनी जिंदगी पर भी खेल जाते हैं। साइबर ठग लोगों के पास अनजाने नम्बरों से कॉल करके धमकियां देकर रुपए ऐंठने या फिर मोबाइल पर फ्री ऑफर के लालच भरे मैसेज व लिंक भेजकर उनको डाउनलोड करने का कहकर पैसा उड़ाने जैसा काम भी कर रहे हैं। साइबर क्राइम अपराध को लेकर शुक्रवार को भोपालगढ़ के रतकुड़िया रोड पर नाड़ातोड़ा के पास स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल और सोपड़ा रोड़ पर स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में भोपालगढ़ थाना प्रभारी सीआइ मांगीलाल बिश्नोई की मौजूदगी में स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों को साइबर ठगों से बचने के संबंध में जागरूक किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं स्कूल व कॉलेज के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जानकारी देकर साइबर अपराध से कैसे बचा जा सके, इसके बारे में अच्छी तरह से जागरूक भी किया। इस दौरान थाना प्रभारी सीआइ मांगीलाल बिश्नोई ने विद्यार्थियों को बताया कि आजकल मोबाइल में शादी का कार्ड, पीएम किसान योजना एप, आवास योजना एप जैसे मैसेज की एपीके फाइल आदि विविध प्रकार के लिंक सोशल मीडिया पर आते हैं, जिनमें योजना के नाम के पीछे एपीके लिखा रहता है। ऐसी फाइलों को कभी नहीं खोलना चाहिए। यह साइबर ठगों का एक नया तरीका है। इस तरीके के माध्यम से साइबर ठग लोगों के बैंक खातों से राशि पार कर लेता हैं। उन्होंने बताया कि आज के समय में ई-मेल आईडी भी चोरी हो रहे हैं। बैंक के नाम से फर्जी कॉल मैसेज आदि करके ऑनलाइन ठगी को अंजाम दिया जा रहा है, जबकि बैंक कभी भी आपकी निजी जानकारी को फोन पर नहीं मांगते है। ऐसे सरल तरीके से कभी भी अपने बैंक अकाउंट आदि की जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से शेयर नहीं करें और यथासंभव बैंक के कार्य संबंधित बैंक शाखा में ही जाकर करें। सीआइ बिश्नोई ने बताया कि ऑनलाइन दवाएं व इलाज के नाम कई बार लोग साइबर ठगों के जाल में फंस जाते है। वहीं सीआइ बिश्नोई ने छात्रों को ऑनलाइन गेमों के चक्कर में नहीं पड़ने की सलाह देते हुए कहा कि आज के समय में कोई भी यों ही आसानी से आपकी राशि दोगुना करके नहीं देता है। इसलिए हमेशा सावधान व सतर्क रहें और जाने-अनजाने में आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरन्त हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवानी चाहिए। सीआई विश्नोई ने किशोर उम्र के बालक-बालिकाओं को ऑनलाइन फर्जी अरेस्ट ब्लैकमेल धमकी आदि की स्थिति में बिना डरे आपने अभिभावकों को जानकारी देने एवं जरूरत पड़ने स्थानीय पुलिस की शरण लेने का भी आह्वान किया। इस मौके पर गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हेमराज गर्ग, डॉ. विकास मोदी, कमलेश मालपानी, किशोर , सहित स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल प्रधानाचार्य कपिल देवड़ा व्याख्याता नवीन भाटी, दिनेश पारीक, सुनील कुमार शर्मा व. अ . बाबूलाल कुड़िया, प्रेमाराम सोलंकी मदनलाल भनंगा, समेत मॉडल स्कूल स्टाफ के सभी शिक्षक एवं अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थी मौजूद थे।

# गांवों में फिर लम्पी वायरस की दस्तक, प्रशासन अलर्ट

## एसडीएम कालूराम ने अधिकारियों को दिए निर्देश अधिकारी तैयारियों में जुटे, बीडीओ दवे और ईओ राजपुरोहित में नेतरा में किया निरीक्षण

हुक्मनामा समाचार

**सुमेरपुर।** उपखंड क्षेत्र में एक बार फिर लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) ने दस्तक दी है। पशुओं में लम्पी संक्रमण के लक्षण देखने को मिल रहे हैं।

विशेष तौर पर गायो में लम्पी वायरस सामने आने के बाद सुमेरपुर उपखंड प्रशासन अलर्ट हो गया है। मवेशियों में वायरल जनित इस बीमारी को लेकर एसडीएम कालूराम कुम्हार ने तत्परता दिखाते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। गायो में फैल रही जटिल बीमारी लम्पी वायरस रोग को लेकर विभागीय अधिकारियों को अलर्ट रहने तथा पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए है। एसडीएम कुम्हार के निर्देश पर विभागीय अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं। नगर पालिका एवं पंचायत समिति प्रशासन को आइसोलेशन वार्ड तैयार करने के निर्देश दिए। गायों में बीमारी के प्रकोप को देखते हुए सुमेरपुर, खिंवादी, नेतरा, पोमावा, सांडेराव समेत अन्य गांवो में आइसोलेशन वार्ड वार्ड किए जाएंगे। इसको लेकर विकास अधिकारी प्रमोद दवे, ईओ नरपत सिंह राजपुरोहित को जानकारी दी गई जिस पर शुक्रवार को दोनों अधिकारियों ने ग्राम पंचायत नेतरा प्रशासक छगनलाल सोलंकी के साथ आइसोलेशन वार्ड बनाने के लिए मौका निरीक्षण किया। मवेशियों में दस्तक देने वाले वायरस को लेकर डॉ हरीश निराला के साथ प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। इस वायरस से निपटने के लिए नेतरा प्रशासक छगन सोलंकी, उप सरपंच जगदीश सिंह, करण सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



# पंचायत समिति बावड़ी में वार्ड 20 का चुनाव परिणाम घोषित

## आरएलपी के भगाराम इनाणिया 589 मतों से विजय घोषित, बने पंचायत समिति सदस्य कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**बावड़ी ( हुक्मनामा समाचार )।** पंचायत समिति बावड़ी में वार्ड संख्या 20 के लिए गुरुवार को हुए उपचुनाव की मतगणना शुक्रवार को पंचायत समिति बावड़ी के सभागार में सात चरणों में पूर्ण हो गई मतगणना के बाद रिटर्निंग अधिकारी जवाहर राम चौधरी ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के भगाराम इनाणिया को 589 मतों से विजय घोषित कर दिया पंचायत समिति सदस्य पद के लिए हुए उपचुनाव के जारी हुए परिणामों में आरएलपी के भगाराम इनाणिया को मिले 1490 वोट, निर्दलीय मनोहर लाल को 901, कांग्रेस के भीयाराम पोटलिया को 826 तथा भाजपा के प्रेमाराम लखारा को 294 वोट मिले तथा 31 मतदाताओं ने नोटा का भी प्रयोग किया। 589 वोटो से विजय आरएलपी के भगाराम इनाणिया को रिटर्निंग अधिकारी जवाहर राम चौधरी ने प्रमाण पत्र सौंपा पंचायत समिति सदस्य के लिए हुए उपचुनाव में राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस और बीजेपी को पछाडते हुए आरएलपी ने वार्ड संख्या 20 सीट पर कब्जा कर लिया।



## नांदिया प्रभावती में अपना खेत अपना काम के तहत आवेदन को 10 दिन का समय

हुक्मनामा समाचार

**बावड़ी।** जोधपुर के ग्राम पंचायत नांदिया प्रभावती में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा बीपीएल श्रेणी के लोगों को अंतिम बार अपना खेत अपना काम के तहत आवेदन ग्राम पंचायत में सरपंच शारदा के पास जमा करवाए जा सकते हैं सरपंच शारदा में बताया की 10 दिन के अंदर ग्राम पंचायत में आवेदन जमा होंगे इसके बाद अन्य श्रेणी ओबीसी, सामान्य तथा अन्य के आवेदन लिए जाएंगे।

# फलौदी के भू-अभिलेख निरीक्षकों का तीन साल का हर्जाना रुका, संघ ने सौंपा ज्ञापन

हुक्मनामा समाचार

**फलौदी।** राजस्थान कानूनगो संघ की जिला शाखा फलौदी ने जिला कलक्टर को पत्र लिखकर राजस्व विभाग के भू-अभिलेख निरीक्षकों (कानूनगो) के गत तीन वर्षों से बकाया GCES (जनरल क्रॉप एस्टिमेशन सर्वे) सर्वेक्षण मानदेय का तत्काल भुगतान करने की मांग की है। संघ के जिला अध्यक्ष द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार कानूनगो द्वारा लगातार तीन साल से खरीफ और रबी सीजन की विभिन्न फसलों के GCES फसल कटाई प्रयोग (सर्वे) सफलतापूर्वक संपादित किए गए हैं।

इन सर्वेक्षणों के लिए अधिकारियों को मिलने वाला मानदेय अब तक जारी नहीं किया गया है। पत्र में जिला कलक्टर से अनुरोध किया गया है कि वह इस संबंध में राज्य सरकार से तीनों वर्षों का बकाया मानदेय स्वीकृत करवाकर अधिकारियों का भुगतान करवाने का भागीरथ प्रयास करें। संघ ने कहा कि इस कृपा के लिए संगठन सदैव आभारी रहेगा।

# शहरी जनता क्लिनिकों का औचक निरीक्षण अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस

**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रताप सिंह राठौड़ के निर्देशन में शुक्रवार को उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धीरज बिस्सा एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क) डॉ. गिरीश कुमार व्यास ने फलोदी शहर के शहरी जनता क्लिनिक बापू नगर, लटियालपुरा, संजय नगर एवं धोलाबाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी क्लिनिकों के सर्वे रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। इस दौरान अनुपस्थित पाए गए कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, वहीं उपस्थित कार्मिकों को राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इनमें हाउस-टू-हाउस सर्वे, एन.पी.एन.सी.डी. कार्यक्रम के अंतर्गत स्क्रीनिंग व उपचार, मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु सर्वे व दवा उपलब्ध करवाना शामिल है। साथ ही भारत सरकार की प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी की संवेदनशील आबादी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। बरसाती मौसम को देखते हुए वर्तमान में सभी शहरी जनता क्लिनिकों में प्रतिदिन 20 से 25 मरीजों को सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्मिक पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि आमजन को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## तहसीलदार पर हुए हमले के विरोध में मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा

**फलोदी ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान पटवार कानूनगो संघ फलोदी ने मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर लालसोट तहसील में अधिवक्ताओं के एक समूह द्वारा तहसीलदार पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की है और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। संघ के अनुसार, 19 अगस्त 2025 को कुछ अधिवक्ताओं के एक उग्र समूह ने लालसोट तहसील कार्यालय में जबरन प्रवेश कर तहसीलदार अमितेश मीणा और कार्यालय स्टाफ के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में तोड़फोड़ की, सरकारी दस्तावेजों को नुकसान पहुंचाया, अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया और मोबाइल फोन छीनने जैसी घटनाएं भी की। संघ ने इस घटना को प्रशासनिक तंत्र पर हमला बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं लोक सेवकों के मनोबल को कमजोर करती हैं। उन्होंने तहसीलदार की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि वह न केवल एक राजस्व अधिकारी हैं बल्कि कार्यपालिका मजिस्ट्रेट के रूप में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का दायित्व भी निभाते हैं। संघ की प्रमुख मांगें हैं की इस मामले में शामिल सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए, एफआईआर दर्ज करने में देरी के लिए जिम्मेदार थानाधिकारी को निलंबित किया जाए और दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल और उदाहरणात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो राजस्थान पटवार कानूनगो संघ के सदस्य 22 अगस्त 2025 से अपने-अपने जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

# बिजली आपूर्ति आज बाधित रहेगी

हुक्मनामा समाचार

**सोजत।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जोविविनिलि) कार्यालय सहायक अभियंता (पवस) सोजत सिटी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दिनांक 23 अगस्त 2025 को सोजत शहर स्थित 132 केवी बिजलीघर पर रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस दौरान सोजत शहर, सोजत रोड एवं बगड़ी नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रात 05:30 बजे से 07:30 बजे तक अपराह्न -03:00 बजे से 04:30 बजे तक प्रभावित रहेगी।

# भादवा री बीज ने बाबा रामदेव मंदिर चट्टाला में विशाल मेले का आयोजन 25 को

## 15 से 18 हजार श्रद्धालु करेंगे दर्शन, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

हुक्मनामा समाचार

**बावड़ी।** भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की बीज के दिन बावड़ी उपखंड के बिराई में स्थित बाबा रामदेव मंदिर चट्टाला धाम में विशाल एवं भव्य मेला भरेगा बाबा रामदेव सेवा समिति चट्टाला धाम के हनुमान राम सांखला ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा रविवार 24 अगस्त की शाम को रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा वहीं 25 अगस्त सोमवार सुबह ब्रह्म मुहूर्त में मंगला आरती तथा शिखर ध्वजा के साथ ही मेला का शुभारंभ हो जाएगा मेले में विशाल भजन दिवस तथा महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा मेले के सफल संचालन के लिए समिति के कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु भक्त तैयारी में जुटे हुए हैं तथा साफ- सफाई, रंग-रोगन, पार्किंग व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं अंतिम चरण में चल रही है



**15 से 18 हजार श्रद्धालु करेंगे दर्शन, सुरक्षा के पुख्ता हो इंतजाम** : बाबा के चट्टाला धाम में भोपालगढ़ व बावड़ी उपखंड क्षेत्र के सैकड़ो गांव के दूर-दूर से पैदल यात्री जत्थे तथा डीजे के संग नाचते गाते भगत बाबा के धाम दर्शन को पहुंचते हैं तथा दर्शन कर प्रसाद चढ़कर पुण्य फल प्राप्त करते हैं यहां इस मंदिर में लगभग 15 से 18 हजार श्रद्धालु दर्शन करते हैं भारी भीड़ के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए समुचित दर्शन व्यवस्था व बैरिकेडिंग, पार्किंग सहित अनेक सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की जरूरत है इस बार रामसरोवर तालाब लबालब जल से भरा हुआ है इस मेले में किसी तरह की अनहोनी ना हो प्रशासन को सभी व्यवस्थाएं समिति के साथ चौक चौबंद करनी पड़ेगी।

**विशाल भजन दिवस का आयोजन, गोस्वामी बिखेरेगीं भजनों की स्वर लहरिया** : मेले में विशाल भजन दिवस का आयोजन किया जाएगा जिसमें बालरवा के भजन गायक चैनपुरी गोस्वामी और भगवान माली पार्टी द्वारा भजनों की स्वर लहरियों बिखेरेगे तथा साथ ही भजनों का समा बाधेंगे तथा स्थानीय कलाकारों के साथ बाबा रामदेव के भजनों की विशेष जुगलबंदी करेंगे भजनों में बाबा रामदेव की कथा तथा ब्यावला की शानदार प्रस्तुति होगी।

**11 किंव्टल बाठी से बनेगी महाप्रसादी** : बाबा रामदेव मेला चट्टाला धाम मे आने वाले भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 11 किंव्टल बाटी से प्रसाद बनाया जाएगा बाबा को भोग लगाने के बाद दाल बाटी चूरमा भक्तों में वितरित किया जाएगा, इसमें प्रसाद के लिए क्षेत्र में प्रसिद्ध दाल बाटी चूरमा स्पेशलिस्ट मेघाराम देवड़ा द्वारा बनाया जाएगा।

**भामाशाह द्वारा निर्मित टीनसेड का होगा लोकार्पण** : बाबा रामदेव मंदिर चट्टाला धाम में श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था के लिए विशाल 35 फीट चौड़ा तथा 60 फीट लंबा टीनसेड के हॉल का लोकार्पण किया जाएगा भामाशाह चंद्राराम तथा कानाराम सांखला कानजी स्वीट्स जोधपुर द्वारा अपनी माता स्वर्गीय शायरी देवी तथा पिता स्वर्गीय माधुराम सांखला की स्मृति में लगभग 3 लाख रुपए की लागत से बने हॉल को भक्तों के लिए समर्पित करेंगे।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह की हुई भव्य शुरुआत

**जयपुर।** इनोवेशन हब, जयपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर दो दिवसीय समारोह की शुरुआत हुई। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम आर्यभट्ट टू गगनयान- एन्सिएंट विजडम टू इन्फाइनाइट पोसिबिलिटीज रखी गई है। आयोजन का उद्देश्य भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों को सामने लाना और युवाओं में वैज्ञानिक सोच व नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन उपनिदेशक कैलाश मिश्रा ने विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 250 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए किया। मुख्य अतिथि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जयपुर की मुख्य लेखा अधिकारी प्रियंका यादव रहीं।

## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल का एमआईएस 1.0 होगा बंद

**जयपुर।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने मैनेजमेंट इन्फोर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) 1.0 से नवीन आवेदन प्रक्रिया को बंद करने का निर्णय लिया है। वे सभी आवेदन जो एमआईएस 1.0 पर प्राप्त हुए है उन्हें ग्रीन चैनल बनाकर एमआईएस 1.0 के माध्यम से निस्तारित किया जाएगा। अब उद्योगों के आवेदन केवल एमआईएस 2.0 पर ऑनलाइन प्रक्रिया से किए जाएंगे। राज्य में ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 5 जून, 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एमआईएस 2.0 का लोकार्पण किया गया था। इसके तहत सभी आवेदन ऑनलाइन माध्यम से बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के भरे जा रहे है। किसी भी उद्योग की निरीक्षण सूचना, त्रुटि सूचना, निश्चित समय सीमा जैसी सुविधाएं एमआईएस 2.0 के वेब पोर्टल एवं मोबाइल ऐप पर उपलब्ध करवाई जाती है।

## मोबाईल वैटरनरी यूनिट और कॉल सेंटर सेवाओं को अत्यावश्यक घोषित किया

**जयपुर।** राज्य सरकार ने राजस्थान अत्यावश्यक सेवाऐं अनुरक्षण अधिनियम— 1970 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए द्वारा राज्य के पशुपालकों को उनके घर पर आपातकालीन पशु चिकित्सा सेवायें उपलब्ध कराने वाली केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकां योजना मोबाईल वैटरनरी यूनिट सेवाओं तथा कॉल सेंटर के समस्त कार्यालय एवं कर्मचारियों तथा उसके कार्यकलापों से संबंधित समस्त सेवाओं को आगामी 6 माह की अवधि के लिए अत्यावश्यक सेवा घोषित किया है।

एआई इनोवेशन समिट 2025' | राष्ट्र निर्माण में भागीदार बने चार्टर्ड अकाउटेंट्स एआई तकनीक बन रही डिजिटल क्रांति

# सीए देश की आर्थिक व्यवस्था की आत्मा-मुख्यमंत्री

### पूरे देश में सबसे अधिक सीए राजस्थान से

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि चार्टर्ड अकाउटेंट देश की आर्थिक व्यवस्था की आत्मा हैं तथा उनका राष्ट्र निर्माण में बड़ा योगदान है। उन्होंने सभी चार्टर्ड अकाउटेंट्स से आह्वान किया कि वे अपनी योग्यता, विचारों एवं मेहनत से राज्य के विकास में अधिक से अधिक भागीदार बनें तथा देश-प्रदेश की प्रगति में योगदान दें, जिससे विकसित एवं समृद्ध राजस्थान के संकल्प को गति मिले। शर्मा शुक्रवार को भारतीय चार्टर्ड अकाउटेंट संस्थान, जयपुर शाखा द्वारा आयोजित 'एआई इनोवेशन समिट 2025' को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि देश में सबसे ज्यादा सीए राजस्थान से हैं। उन्होंने कहा कि सीए नई तकनीक आने पर, कोई नया नियम बनने पर अथवा वैश्विक अर्थव्यवस्था में कोई परिवर्तन आने पर सबसे पहले उसे समझते हैं, उसे अपनाते हैं और समाज को उसकी सही दिशा दिखाते हैं। यही कारण है कि आमजन को सीए पर बहुत विश्वास होता है, उन पर नए बदलावों और तकनीकी नवाचारों को अपनाते हुए समाज को सही दिशा दिखाने एवं इस विश्वास पर खरा उतरने की जिम्मेदारी है।




### भारत एआई क्षेत्र में बना रहा तेजी से पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में अर्थव्यवस्था की दृष्टि से 11वें स्थान से आज चौथे स्थान पर आ गया है तथा शीघ्र ही हम दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनेंगे। शर्मा ने कहा कि एआई केवल एक तकनीक नहीं बल्कि एक क्रांति के रूप में आगे बढ़ रही है। भारत भी एआई क्षेत्र में तेजी से पहचान बना रहा है। एआई भारत की तकनीकी विशेषज्ञता में और बढ़ोतरी करेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान भी डिजिटल इंडिया मिशन और इंडिया एआई मिशन के साथ पूर्ण तालमेल और समन्वय में निरंतर कार्य कर रहा है। हमारी सरकार नई एआई और मशीन लर्निंग पॉलिसी पर भी काम कर रही है।

**राज्य में हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं-** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन, खनन, सौर और पवन ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में प्रदेश देश में अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राइजिंग समिट के माध्यम से 35 लाख करोड़ के एमओयू किए। साथ ही, राज्य में पेयजल एवं बिजली की प्राथमिकता को समझते हुए अनेक निर्णय लिए गए। रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना, इंदिरा गांधी नहर, गंगनहर, माही बांध जैसी परियोजनाओं के माध्यम से जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी फैसले लिए गए हैं। हम वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली भी उपलब्ध कराएंगे। साथ ही, हमने 5 साल के कार्यकाल में युवाओं को 4 लाख सरकारी और निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार हर क्षेत्र में प्रगति कर रही है। विकास में नवीन तकनीकों एवं एआई का उपयोग कर राज्य को गुड गवर्नेंस की ओर ले जाया जा रहा है। इससे पहले शर्मा ने 'प्राइवेसी इन एआई' पुस्तक तथा दो दिवसीय समिट की स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही, उन्होंने आईसीएआई सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए बनाए गए 'एआई 2.0' कोर्स का ऑनलाइन शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर भारतीय चार्टर्ड अकाउटेंट संस्थान, जयपुर शाखा के सदस्य सीए सतीश गुप्ता, सीए रोहित सहित बड़ी संख्या में सीए मौजूद रहे।

अक्षय ऊर्जा के विकास को गति देने की दिशा में राज्य सरकार का अहम फैसला

# मुख्यमंत्री ने जैसलमेर व बीकानेर में सोलर पार्क की स्थापना के लिए आरवीयूएनएल को भूमि आवंटन को दी मंजूरी

### सीमावर्ती क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए भूमि आवंटन को दी स्वीकृति

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जैसलमेर एवं बीकानेर जिले में अक्षय ऊर्जा आधारित उत्पादन इकाइयों की स्थापना के लिए राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को भूमि आवंटन के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। प्रस्ताव के अनुसार, जैसलमेर जिले की रामगढ़ तहसील में 5000 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क की स्थापना के लिए कुल 6771.86 हैक्टेयर भूमि एवं 2700 मेगावाट सोलर पार्क के लिए 5113.99 हैक्टेयर भूमि के आवंटन को स्वीकृति दी गई है। वहीं, फतेहगढ़ तहसील में 12500 मेगावाट सोलर पार्क के लिए 14026.87 हैक्टेयर भूमि एवं 6200 मेगावाट सोलर पार्क के लिए 8582.42 हैक्टेयर भूमि के आवंटन को स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसी तरह, बीकानेर जिले की पूगल तहसील के दीनसर व बराला गांव में 393.04 हैक्टेयर भूमि आवंटित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं, बीकानेर तहसील के गांव सवाईसर, बज्जू तहसील के गांव बिकोलाई तथा पूगल तहसील के गांव करणीसर भाटियान में कुल 2320.46 हैक्टेयर भूमि के आवंटन को स्वीकृति दी गई है।

**सीमावर्ती क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए भूमि आवंटन को मंजूरी**-इसी तरह प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में समानान्तर सड़क निर्माण की पहल के तहत मुख्यमंत्री शर्मा ने बाड़मेर की गडरारोड़ तहसील में 158.0792 हैक्टेयर भूमि के आवंटन को स्वीकृति दी है। वहीं, जैसलमेर सेक्टर में लेटरल सड़क निर्माण के लिए कुल 219.06 हैक्टेयर भूमि आवंटन को स्वीकृति मिली है।

उल्लेखनीय है कि यह स्वीकृति केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की मांग के आधार पर संबंधित जिला कलक्टर के प्रस्ताव पर भारत-पाकिस्तान सीमा पर समानान्तर सड़क निर्माण के संरेखण में आने वाली भूमि से संबंधित है।

मुख्यमंत्री ने एक अन्य प्रस्ताव पर निर्णय करते हुए धौलपुर जिले की बाड़ी तहसील के गांव विजौली में औद्योगिक इकाइयों के लिए 38.39 हैक्टयर भूमि के आवंटन को स्वीकृति दी है। यह आवंटन रीको को गैर प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए किया गया है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सीकर पहुंचे

## गोविंद सिंह डोटासरा सहित कार्यकर्ताओं से मुलाकात की



**सीकर।** पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा के सीकर स्थित आवास पर शुक्रवार सुबह नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली पहुंचें। जूली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सादुलपुर देहात के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया की शोक सभा में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान थोड़ी देर के लिए सीकर में रूके। कांग्रेस प्रवक्ता गोविंद पटेल ने बताया- इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता गठाला, शहर अध्यक्ष राजेश सैनी सहित कई कार्यकर्ताओं ने जूली का स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संगठन की गतिविधियों पर चर्चा भी की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की मजबूती के लिए एकजुटता और सक्रियता बनाए रखने का आह्वान किया।

निरामय राजस्थान अभियान....

## प्रदेश के 4350 सीएचओ को वेबीनार के माध्यम से दिया प्रशिक्षण

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेश में निरामय राजस्थान अभियान संचालित कर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के साथ ही स्वास्थ्य संवर्द्धन की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को निरामय राजस्थान के अन्तर्गत सितम्बर माह की निर्धारित थीम जंक फूड को ना कहें विषय पर अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ टी. शुभमंगला की अध्यक्षता में वेबीनार आयोजित की गई।

इस वेबीनार के माध्यम से प्रदेशभर में कार्यरत 4 हजार 350 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक जानकारियां प्रदान की गई। अतिरिक्त मिशन निदेशक ने बताया कि वेबीनार में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को निरामय राजस्थान अभियान से सम्बंधित गतिविधियों को प्रभावी रूप से संपादित करने के बारे जानकारी प्रदान की गई है। उन्होंने प्रत्येक स्तर पर सम्बंधित अधिकारियों द्वारा गतिविधियों का आयोजन तथा मॉनिटरिंग करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि बैठकों एवं शैक्षणिक संस्थानों में जंक फूड से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में चर्चा की जाए। वेबीनार में यूनिसेफ की प्रतिनिधि डॉ मनीषा चावला ने बताया कि जंक फूड में कैलोरी अधिक लेकिन विटामिन, खनिज और फाइबर जैसे आवश्यक तत्वों की बहुत कमी होती है। जंक फूड के उपयोग को कम करने के लिए समुदाय में जागरूकता लाने में सीएचओ की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने परिवहन, उच्च शिक्षा एवं आयुष विभाग के कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में परिवहन, उच्च शिक्षा एवं आयुष विभाग के अधिकारियों की अलग-अलग बैठकें लेकर इन विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, गत 2 राज्य बजटों में घोषित कार्यों की प्रगति व अन्य बिन्दुओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परिवहन विभाग की बैठक में डॉ. बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार परिवहन सेवाओं को अधिक सुरक्षित, सुलभ और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा उपायों को और सख्ती से लागू करें तथा परिवहन नियमों के



उल्लंघन पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटा बेस, इलेक्ट्रॉनिक डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट तथा क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम के इंटीग्रेशन के माध्यम से सड़क हादसों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। डॉ. बैरवा ने ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक्स के निर्माण कार्यों में तेजी लाकर निश्चित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने बीकानेर स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग रिसर्च सेंटर की लंबित डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही झुंझुनू, बाड़मेर एवं पाली में ड्राइवर ट्रेनिंग सेंटर्स की स्थापना के लिए प्राप्त आवेदनों का परीक्षण शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्यों की पालना में लापरवाही बरतने वाले राजकीय कार्मिक आमजन के कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं, इसलिए जिन अधिकारियों के विरुद्ध जाँच प्रकरण लंबित हैं, उनका समय पर निस्तारण किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि एनएचएआई की एम्बुलेंस सेवाओं का राज्य की 108 आपातकालीन सेवाओं से एकीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है। आपातकालीन सेवाओं में सुधार के लिए नई 25 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस खरीदी गई हैं। प्रदेश के सभी राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अस्पतालों की जीआईएस मैपिंग का कार्य भी पूरा हो चुका है।

प्रदेश में किसानों को समृद्ध व खुशहाल बनाने के लिए नई एफपीओ नीति लाई जा रही है

# राज्य में 500 नये एफपीओ बनाये जायेंगे

### उन्नत कृषि तकनीक सीखने के लिए "नॉलेज एन्हांसमेंट प्रोग्राम" में 100 एफपीओ कृषक जाएंगे विदेश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में राज्य के एफपीओ कार्यान्वयन एजेन्सियों नाबार्ड, एनसीडीसी, नैफेड, एनडीडीबी, एफडीआरवीसी, एसएफएसी एवं कृषि, पशुपालन, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। राजन विशान ने बताया कि राज्य में चरणबद्ध रूप से 500 नये कृषक उत्पादक संगठन बनाये जा रहे हैं तथा प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध एवं खुशहान बनाने के लिए नई एफपीओ नीति लाई जा रही है। एफपीओं में एक जिला एक उत्पादन और पंच गौरव को प्राथमिकता से शामिल किया जायेगा। प्रदेश में पहली बार कृषक उत्पादक संगठनों को मजबूती प्रदान करने, किसानों को कंपनी पेटेंट, सर्टिफिकेशन, लाइसेंस और मार्केटिंग लिकेज आदि की सहायता के लिए यह पॉलिसी लाई जा रही है। इसमें कृषक हितों के कई प्रावधान रखे जा रहे हैं। एफपीओ को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार कटिबद्धता से कार्य कर रही है।

शासन सचिव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा में नॉलेज एन्हांसमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत प्रदेश में एफपीओ के 100 किसानों को विदेश भ्रमण और प्रशिक्षण की स्वीकृति प्रदान की है। वर्तमान सरकार की अभिनव पहल द्वारा राज्य सरकार कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) के किसानों को उनकी क्षमता संवर्धन के दृष्टिगत कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकों के उपयोग के लिए निरंतर प्रोत्साहित कर रही है।

शासन सचिव ने बताया कि एफपीओ के किसान नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैड और ब्राजील का भ्रमण करेंगे। एफपीओ के चयनित किसानों को नवंबर 2025 से मार्च 2026 तक चार बैचों में 7 दिवसीय विदेश भ्रमण कराया जाएगा। राज्य में अब तक बनाये गए 913 एफपीओ के किसानों में से ''नॉलेज एन्हांसमेंट प्रोगाम '' के अन्तर्गत एक्पोजर विजिट के लिये 100 एफपीओ के किसानो का चयन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार कार्यन्वयन एजेन्सियों द्वारा किया जाकर 30 अगस्त तक राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड को सूची भिजवाई जायेगी। कार्यावन्यन एजेन्सियों से आग्रह किया कि एफपीओ के चयनित प्रतिनिधि से अंडरटेकिंग भी ली जावे कि वह कम से कम 3 साल तक एफपीओ से जुडा रहेगा तथा विदेश भ्रमण में सीखी गई उन्नत तकनीकों को अपना कर कृषक उत्पादक संगठनों के सदस्यों से साझा करेगा।

राजन विशाल ने बताया कि चयनित होने वाले किसानो को नवीनतम एवं उन्नत कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जावेगा। प्रशिक्षण प्राप्त किसान उन्नत कृषि तकनीक का उपयोग कर अपनी फसलों के उत्पादन में वृद्धि कर सकेंगे, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सकेगी।

## सीएस सुधांश पंत से एडीएम की शिकायत की

### मीटिंग लेने अलवर आए थे मुख्य सचिव

**अलवर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आज अलवर मिनी सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। मीटिंग के बाद जैसे ही वे बाहर निकले तो एक व्यक्ति ने कागज थमाते हुए कहा- अलवर एडीएम ने 1 लाख रुपए की रिश्वत मांगी है। यह सुनते ही सब चौक गए। इस पर सीएस ने कहा जांच कराता हूं। सीएस को कागज देने वाला व्यक्ति शहर के पास लोधाड़ी गांव निवासी राजेश कुमार यादव था। उन्होंने बताया- जमीन नामान्तरण के मामले में उसके खिलाफ आदेश आया था। इसके बाद आरएए में अपील की। एडीएम ने हमारी तीन बार बहस करा दी और फैसला रिजर्व करा दिया




लेकिन आदेश नहीं दिया। मामले में एडीएम ने रिश्वत मांगी है। इस पर आज सीएस को शिकायत की। सीएस ने कहा- जांच करा लेते हैं। यही परिवादी एक दिन पहले अलवर कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला के पास भी आया था। उसके अगले दिन ही परिवादी सीएस के पास पहुंच गया। कई योजनाओं की समीक्षा की मीटिंग के बाद सीएस ने कहा- अलवर में मीटिंग में अवैध खनन, हाईवे एक्सीडेंट, महिला अपराध, नए कानून जो एक जुलाई से लागू हुए, भू-रूपांतरण, नामांतरण, सरकारी भूमि के विरुद्ध पास आदेश, औसत एक इंतकाल में लग रहे समय, कन्वर्जन का समय, लंबित प्रकरण, फाइल किस गति से बढ़ी, अधिकारी किस रफ्तार से काम कर रहे उनकी समीक्षा की गई।